Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 102 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, शुक्रवार 04 अक्टूबर 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



अन्याय से अर्जित धन अन्याय के कार्य में ही खर्च होता है।
Ill earned is ill spent.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## भीष्म टी-90 टैंक सहित अन्य आर्टिलरी पहुंचे राजधानी

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर 5 और 6 अक्टूबर को राजधानी में होगा भव्य सैन्य प्रदर्शनी समारोह





**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की पहल पर आयोजित होने वाले भव्य सैन्य समारोह के लिए आज राजधानी रायपुर पहुंचे भारतीय सेना के भीष्म टैंक और अन्य आर्टिलरी का शानदार स्वागत किया गया। इसके बाद एक रैली के रूप में टैंक एवं सैन्य उपकरणों का काफिला रायपुर शहर के तेलीबांधा, मरीन ड्राइव, कलेक्ट्रेट, जयस्तंभ और आश्रम चौक होते हुए साइंस कॉलेज मैदान तक मैदान पहुंचा। शहर के नागरिकों में इसे लेकर ख़ास उत्साह रहा। सैकड़ों लोग इस शानदार रैली को मोबाइल से कैप्चर करते दिखे। पूरे रैली में शामिल वाहनों में तिरंगा लहराता रहा।

**कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, एसएसपी संतोष सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने किया स्वागत**


**रैली के रूप में शहर विभिन्न मार्गों से होकर पहुंची साइंस कॉलेज मैदान रायपुर**

गौरतलब है कि राजधानी के साइंस कॉलेज मैदान में 5 से 6 अक्टूबर को होने वाले भव्य सैन्य प्रदर्शनी समारोह की तैयारी जोरों पर है। इसमें शामिल होने के लिए भारतीय सेना की सैन्य हथियार आज राजधानी पहुंचे, जिसमें भीष्म टी-90 टैंक, बीएमपी, एल-70, जेएडयू-23, स्ट्रेला और लोरोस शामिल हुए। इसका इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय ज़ोरा के मुख्य गेट पर सुबह कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, एसएसपी श्री संतोष सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप, सहायक कलेक्टर सुश्री अनुपमा आनंद सहित अन्य अधिकारियों ने स्वागत किया। भीष्म टैंक और दूसरे सैन्य उपकरणों को वाहनों सहित फूल-मालाओं से सजाया गया था। लोगों ने इस आकर्षण क्षण को अपनें मोबाईलों में फोटो और वीडियों के रूप में रिकार्ड किया। जहां से भी यह काफिला गुजरा, वहां 'भारत माता की जय' के जयकारों से गूंज उठा।

**मुख्यमंत्री साय को सशस्त्र सैन्य समारोह में शामिल होने आमंत्रण :** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को रायपुर में 5 और 6 अक्टूबर को आयोजित होने वाले सशस्त्र सैन्य समारोह में शामिल होने का भारतीय सेना के ब्रिगेडियर श्री अमन आनंद और कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आमंत्रण दिया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत विश्वदीप भी उपस्थित थे।

### साइंस कॉलेज मैदान में सैनिको ने डेयर डेविल स्टंट और खुखरी डांस और मिलेट्री बैंड का पूर्वाभ्यास किया





## हरियाणा विधानसभा के लिए चुनाव प्रचार थमा, मतदान 5 अक्टूबर को

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार थम गया है। अब 90 सीटों के लिए मतदान 5 अक्टूबर को होने जा रहा है। हरियाणा चुनाव में मुख्य मुकाबला भाजपा-कांग्रेस में है। लेकिन, कुछ सीटों पर निर्दलीय और कांग्रेस-भाजपा के बागियों ने चुनाव दिलचस्प बना दिया है। वहीं हरियाणा में 30 से ज्यादा सीटों पर त्रिकोणीय संघर्ष बना हुआ है। इस पूरे चुनाव में जातीय समीकरण और स्थानीय मुद्दे ही केंद्र में है। यदि जातिगत समीकरणों के लिहाज से देखें ती राज्य की आबादी में 221त्न हिस्सेदासी रखने वाला एससी बोट महत्वपूर्ण और निर्णायक हो गया है। जहां कांग्रेस तगड़ी चुनौती पेश कर रही है. वहीं भाजपा ने मोदी की 4. शाह व योगी की 6-6 सभाएं कराकर पूरी ताकत लगा दी है। हालांकि इन सबसे इतर निर्दलीय और दोनों बड़े दलों के बागियों ने मुकाबला रोचक कर दिया है। बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा रहा, जिसे दोनों दलों ने अपने-अपने हिसाब से उठाया। महंगाई और स्थानीय मुद्दे जैसे परिवार पहचान पत्र, सम्पति आईडी, सड़क, पानी भी चर्चा में रहे। किसान, जवान और पहलवान के मुद्दे की गूंज तो बहुत रही, लेकिन इन पर पार्टियां अपने घोषणा पत्रों से इस ज्यादा कुछ नहीं कह पाई। अब 5 अक्टूबर को पता चलेगा कि हरियाणा के रण में मतदान का मन किसकी तरफ जाता है। वहीं 8 अक्टूबर को मतगणना होगी।

**बीजेपी और कांग्रेस के बीच मुख्य मुकाबला**

### मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ हरित शिखर सम्मेलन का किया शुभारंभ

## क्लाइमेट चेंज दुनिया की सबसे बड़ी चुनौती : विष्णुदेव साय

### एक पेड़ मां के अभियान के तहत छत्तीसगढ़ ने पूरा किया 4 लाख करोड़ पेड़ लगाने का लक्ष्य



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि पर्यावरण संकट और जलवायु परिवर्तन वर्तमान में राष्ट्रीय चिंतन का विषय बन गया है। जलवायु परितर्वतन हाल के वर्षों में दुनिया की सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरी है। हम सभी को मिलकर इस समस्या से निपटने के लिए सहभागिता निभानी होगी। मुख्यमंत्री आज राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में आयोजित प्रथम संस्करण छत्तीसगढ़ हरित शिखर के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पर्यावरण शोध पर आधारित संक्षेपिका का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने जलवायु परिवर्तन पर अपनी चिंता जाहिर करते हुए कहा कि इस वर्ष देश में गर्मी ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। राजधानी दिल्ली में तापमान 52.3 डिग्री तक पहुंच गया था। जलवायु परिवर्तन ने भारत ही नहीं वन पूरे दुनिया में दस्तक दी है। दुबई जैसे रेगिस्तानी इलाके में अत्यधिक बारिश होने से पूरा शहर बाढ़ की चपेट में आ गया। उन्होंने कहा कि आज क्लाइमेट चेंज दुनिया में सबसे बड़ी चुनौती है और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत पहले से ही इस समस्या के बारे में वैश्विक जगत को आगाह किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश का 44 प्रतिशत हिस्सा वनाच्छादित है और हम इसे सहेजने का काम गंभीरता के साथ कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 4 करोड़ वृक्ष लगाने का जो लक्ष्य रखा गया था, वह हमने पूरा कर लिया है। हाल ही में हमने गुरु घासीदास-तमोर पिंगला को टाइगर रिजर्व बनाने की पहल की है। इसके माध्यम से वन्यजीवों के संरक्षण और पर्यावरण के संवर्धन में भी बड़ी मदद मिलेगी और यह देश का तीसरा सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रिन्यूएबल एनर्जी की दिशा में भी हम लगातार काम कर रहे हैं। भारत में 200 गीगावॉट रिन्यूएबल एनर्जी का उत्पादन हो रहा है। वर्ष 2030 तक इसे बढ़ाकर 500 गीगावॉट करने की योजना है, इस लक्ष्य को पाने के लिए प्रदेश भी सहभागी होगा। जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए छत्तीसगढ़ में अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए हम किसान वृक्ष मित्र योजना, ग्रीन क्रेडिट योजना का क्रियान्वयन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने नवा रायपुर में पीपल फॉर पीपल अभियान की शुरुआत की है, जिसके तहत हजारों पीपल के पेड़ लगाए गए हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सम्मेलनों के आयोजन से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य तेजी से आगे बढ़ेंगे और विषय विशेषज्ञों की मदद से स्वच्छ पर्यावरण के लक्ष्य को प्राप्त करने में हम कामयाब होंगे।

**जलवायु परिवर्तन से निपटने छत्तीसगढ़ में हो रहा है बेहतर काम**

वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया ने बहुत तरक्की कर ली है। हर क्षेत्र में हम आगे बढ़े लेकिन प्रकृति से हमने दूरी बना ली। हमने प्रकृति का साथ छोड़ा है, हम विकृति की ओर बढ़ने लगे हैं।

## हरियाणा की गली-गली से भरोसा दिल से, भाजपा फिर से की आवाज आ रही है : प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के प्रचार खत्म होने के ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य की जनता के नाम सोशल मीडिया पर एक मैसेज लिखा। इसमें पीएम मोदी ने दावा किया कि हरियाणा में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की गली से एक ही आवाज आ रही है, भरोसा दिल से, भाजपा फिर से। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि हरियाणा की देशभक्त जनता, कांग्रेस की विभाजनकारी और नकारात्मक राजनीति को कभी स्वीकार नहीं करेगी।



पीएम मोदी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, अब से कुछ देर में हरियाणा विधानसभा चुनाव का प्रचार अभियान समाप्त हो जाएगा। बीते कुछ दिनों में मैंने पूरे राज्य की यात्रा की है। मैंने लोगों का जो उत्साह देखा है, उसे देखकर मुझे ये पक्का विश्वास है कि हरियाणा के लोग भाजपा को फिर अपना आशीर्वाद देने वाले हैं। हरियाणा के देशभक्त लोग, कांग्रेस की विभाजनकारी और नकारात्मक राजनीति को कभी स्वीकार नहीं करेंगे।

एक अन्य पोस्ट में उन्होंने आरक्षण का जिक्र कर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, कांग्रेस के नेताओं ने आरक्षण खत्म करने का बयान देकर अपने इरादे जता दिए हैं। हरियाणा का पिछड़ा और दलित समुदाय जातिगत हिंसा रोकने में विफल रहने पर पहले से ही कांग्रेस से नाराज चल रहा है। इसलिए, लोगों ने कांग्रेस को फिर कड़ी सजा देने का मन बना लिया है। हरियाणा की गली-गली से एक ही आवाज आ रही है- भरोसा दिल से, भाजपा फिर से। पोस्ट के अंत में पीएम मोदी ने लिखा, आज पूरी दुनिया की नजरें भारत पर हैं। दुनिया, भारत की ओर बहुत आशा और उम्मीद से देख रहा है। ऐसे में यह बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है कि हरियाणा के लोग एक ऐसी सरकार चुनें, जो भारत को मजबूती देने की दिशा में प्रयास करे। कांग्रेस कभी देश को मजबूत नहीं बना सकती। इसलिए, मैं हरियाणा के अपने मतदाताओं से आग्रह करता हूं कि वे फिर से भाजपा को अपना आशीर्वाद जरूर दें।

बता दें कि हरियाणा की सभी 90 विधानसभा सीटों के लिए 5 अक्टूबर को वोटिंग होनी है, जबकि चुनाव के नतीजे 8 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे। राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हैं। हरियाणा में मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ भाजपा और कांग्रेस के बीच माना जा रहा है। हालांकि, कांग्रेस के साथ गठबंधन की आस लगाए आम आदमी पार्टी (आप) ने नाकामी मिलने के बाद अकेले ही अपने प्रत्याशी उतारे हैं।

## राज्यपाल डेका ने केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण से की मुलाकात




**रायपुर (विश्व परिवार)।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण से नई दिल्ली में सौजन्य मुलाकात की। श्री डेका ने केंद्रीय वित्त मंत्री से विभिन्न क्षेत्रों में घरेलू संस्थागत निवेश और विदेशी संस्थागत निवेश के द्वारा छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के संबंध में विस्तार से चर्चा की। इसके अलावा राज्यपाल ने छत्तीसगढ़ को एक समृद्ध अर्थव्यवस्था बनाने के महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण के साथ छत्तीसगढ़ निवेशक सम्मेलन 2025 के आयोजन का प्रस्ताव रखा। इसका उद्देश्य राज्य में उपलब्ध संसाधनों के समुचित उपयोग के साथ बड़े और छोटे उद्योगों, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट निवेश को बढ़ावा देना है।

## बीजेपी-आरएसएस के लोग पूरे देश में नफरत फैलाते हैं, हमें मिलकर नफरत मिटानी है : राहुल

**नूंह (आरएनएस)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हरियाणा के नूंह में एक जनसभा को संबोधित करते हुए बीजेपी और आरएसएस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस के लोग पूरे देश में नफरत और विभाजन की राजनीति कर रहे हैं। राहुल ने अपने भाषण में कहा, देश को जोड़ने और एकजुट रखने की जिम्मेदारी हमारी है। हमें मिलकर इस नफरत को मिटाना होगा।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, लड़ाई संविधान की है। हम मोहब्बत फैलाते हैं, वे नफ़रत फैलाते हैं...छोटी-छोटी पार्टियां घूम रही हैं। ये भाजपा की एबीसीडीईएफ टीम हैं। इनको समर्थन मत दीजिए। कांग्रेस को वोट दीजिए।



राहुल ने कहा हरियाणा के युवाओं को अमेरिका में रोजगार मिल जाएगा, लेकिन यहां रोजगार नहीं मिल सकता है। नरेंद्र मोदी बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, मगर ये नहीं बताते हैं कि हरियाणा बेरोजगारी में पहले नंबर पर कैसे पहुंचा। नरेंद्र मोदी अरबपतियों की सरकार चलाते हैं। वो अरबपतियों का कर्ज माफ कर देते हैं, लेकिन गरीबों और किसानों का कर्ज माफ नहीं करते। राहुल गांधी बोले ये संविधान बचाने का चुनाव है।देश के गरीबों, किसानों, मजदूरों को जो भी मिला है, वो संविधान ने दिया है। लेकिन BJP-RSS के लोग संविधान को खत्म करना चाहते हैं।

## आईपीएस डी श्रवण एनआईए में प्रतिनियुक्ति पर जा रहे

**रायपुर (आरएनएस)।** 2008 बैच के आईपीएस अधिकारी डी श्रवण को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) में प्रतिनियुक्ति के लिए राज्य शासन ने अनुमति दे दी है। डीआईजी रैंक के अधिकारी डी श्रवण पांच साल की अवधि के लिए एनआईए में अपनी सेवाएं देंगे। यह प्रतिनियुक्ति उनकी सेवा और अनुभव को ध्यान में रखते हुए की गई है, जिससे उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा और जांच संबंधी मामलों में योगदान देने का अवसर मिलेगा।




## मुख्यमंत्री साय ने मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं की बस को झंडी दिखाकर किया रवाना



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज शारदीय नवरात्रि के पहले दिन मां बम्लेश्वरी के दर्शन लाभ के लिए जा रहे श्रद्धालुओं के बस को मुख्यमंत्री निवास से झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने नवरात्रि के शुभ मौके पर इस पावन यात्रा के लिए श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी। सभी श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री को नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। मां बम्लेश्वरी के जयकारे और भजन-कीर्तन के साथ यह यात्रा शुरू हुई।

गौरतलब है कि मां काली अन्नदान भंडारा समिति द्वारा श्रद्धालुओं को पिछले 09 वर्षों से लगातार नवरात्रि के पावन मौके पर मां बम्लेश्वरी धाम की नि:शुल्क यात्रा कराई जाती है। इस वर्ष भी आगामी 5 दिनों तक रोजाना चार बसों के माध्यम से श्रद्धालुओं को मां बम्लेश्वरी दर्शन के लिए भेजा जा रहा है। इस मौके पर श्री संजय श्रीवास्तव और मां काली अन्नदान भंडारा समिति के अध्यक्ष श्री दीपक भारद्वाज मौजूद रहे।

**मुख्यमंत्री आज दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के दौरे पर :** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय 04 अक्टूबर को प्रदेश के नक्सल हिंसा प्रभावित दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के दौरे पर रहेंगे। वे इन जिलों में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

## राष्ट्रपति ने मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के 32वें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया



**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राजस्थान के उदयपुर में मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के 32वें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि यह तेजी से बदलाव का समय है, जो ज्ञान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी हो रहा है। उन्होंने छात्रों को हमेशा छात्र की भावना बनाए रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि निरंतर कड़ी मेहनत और समर्पण जीवन भर उनके काम आएगा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने छात्रों को अपनी महत्वाकांक्षाओं और सामाजिक संवेदनशीलता के बीच संतुलन बनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि संवेदनशीलता एक स्वाभाविक गुण है। कुछ लोग परिवेश, शिक्षा और मूल्यों में व्याप्त बुराइयों से अंधे स्वार्थ का रास्ता अपना लेते हैं। दूसरों का भला करने से ही अपना कल्याण किया जा सकता है। राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से ऐसा कोई काम न करने का आग्रह किया जिससे उनके चरित्र पर धब्बा लगे। उन्होंने कहा कि उच्चतम नैतिक मूल्यों को उनके आचरण और कार्यशैली का हिस्सा होना चाहिए। उनके जीवन के हर पहलू में ईमानदारी होनी चाहिए। उनका हर कार्य न्यायपूर्ण और नैतिक होना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा सशक्तिकरण का सबसे अच्छा माध्यम है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर जिला रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन, 19 यूनिट रक्त की हुई प्राप्ति




**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष एवं कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश तथा सचिव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी के मार्गदर्शन में जिला अस्पताल में 1 अक्टूबर को स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन जिला रेडक्रॉस समिति द्वारा जिला अस्पताल में किया गया। इसके तहत स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने रक्त दान किया। इस पूरे कैंप में 19 यूनिट रक्त की प्राप्ति हुई जिसका उपयोग जरूरतमंद मरीजों के लिए किया जाएगा। जिला अस्पताल के ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अशोक कुमार वर्मा ने बताया की 18 से 65 वर्ष का व्यक्ति जिसका वजन 45 किलोग्राम तथा हीमोग्लोबिन 12.5 हो वह रक्तदान कर सकता है। एक बार मे 350 मिली रक्त ही निकाला जाता है। एक व्यक्ति साल में 4 बार रक्तदान कर सकता है। इससे किसी प्रकार की कोई कमज़ोरी नहीं आती है।गौरतलब है की जिले में पिछले माह सितंबर में भी दो ऐसे कैम्प हुए हैं जिसमें क्रमशः 15 तथा 23 यूनिट रक्त की प्राप्ति हुई थी। कलेक्टर दीपक सोनी ने इस नेक कार्य हेतु रक्त दान करने वालों की सराहना की है जिससे समाज मे रक्तदान हेतु सकारात्मक माहौल बनेगा। शिविर में अंशुल सिंह, राकेश कुमार पैकरा, चेतन साहू ने आवश्यक सहयोग किया।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज बीजापुर जिले को 263 करोड़ 66 लाख के विकास कार्यों की देंगे सौगात

**नक्सल पुनर्वास नीति के अंतर्गत नक्सल पीड़ित परिवार के आश्रितों को देंगे शासकीय नियुक्ति आदेश का वितरण**

**जगदलपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय शुक्रवार को बीजापुर जिले को 263 करोड़ 66 लाख से अधिक की लागत से 209 के विकास कार्यों की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री श्री साय 228 करोड़ 53 लाख के 145 विकास कार्यों का भूमि पूजन करेंगे और 35 करोड़ 13 लाख के 64 विकास कार्य का लोकार्पण करेंगे। इसके अलावा कार्यक्रम में नक्सल पुनर्वास नीति के अंतर्गत नक्सल पीड़ित परिवार के आश्रितों को शासकीय नियुक्ति आदेश का वितरण करेंगे। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत गृह प्रवेश (चाबी वितरण) और आवास स्वीकृति पत्र, तेंदूपत्ता बोनस वितरण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत राशि का वितरण, किसान क्रेडिट कार्ड, सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त नियद नेल्लानार हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरण, स्व सहायता समूह चक्रीय निधि, आय, जाति-निवास प्रमाण पत्र, खेल सामग्री का वितरण किया जाएगा।

### जल जीवन मिशन के संचालक डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने किया कार्यों का निरीक्षण

**रायपुर (विश्व परिवार)।** जल जीवन मिशन के संचालक डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कांकेर और कोंडागांव जिले में मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कांकेर जिले के चारामा विकासखंड के ग्राम रतेडीह, कुरुटोला, कानापोड़ एवं डेढ़कोहका में विभागीय अधिकारियों के साथ कार्यों का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। डॉ. भुरे ने कोंडागांव जिले के केशकाल विकासखंड के गुलबापारा में भी मिशन के अंतर्गत किए गए कार्यों का अवलोकन किया। जल जीवन मिशन के संचालक डॉ. भुरे ने इन गांवों में मिशन के तहत बनाए गए उच्च स्तरीय जलागार, सोलर आधारित योजना, नल कनेक्शन, पाइपलाइन एवं अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच की। उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर नल के माध्यम से जल आपूर्ति की जानकारी ली। डॉ. भुरे ने विभागीय अधिकारियों को जल जीवन मिशन के शेष कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। मिशन के कार्यों के निरीक्षण के दौरान उनके साथ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कोंडागांव मंडल के अधीक्षण अभियंता श्री जी.एल. लखेरा, कांकेर के कार्यपालन अभियंता श्री बी.एन. भोयर, कोंडागांव के कार्यपालन अभियंता श्री विरेन्द्र पाण्डेय, सहायक अभियंता श्री राजेश हिरकने, उप अभियंता श्री आर.पी. जोशी और कु. निभा कोर्राम सहित सरपंच एवं स्थानीय ग्रामीण भी मौजूद थे।

## 2025 में राष्ट्रीय जम्बूरी से छत्तीसगढ़ को मिलेगी नई पहचान : बृजमोहन अग्रवाल

**स्काउट्स एंड गाइड के सर्वधर्म प्रार्थना सभा में शामिल हुए सांसद**

**सांसद ने की समाज में भाईचारे, शांति और समरसता की कामना**



**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** जिंदगी में अनुशासन बहुत जरूरी है, यह हमें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करता है और जीवन को एक दिशा देता है। अनुशासन वह शक्ति है जो हमें कठिन परिस्थितियों में स्थिर और प्रतिबद्ध रहने में मदद करता है। यह बात रायपुर सांसद एवं छत्तीसगढ़ स्काउट्स एंड गाइड के अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल ने महात्मा गांधी जी और पूर्व प्रधानमंत्री माननीय लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ स्काउट्स एंड गाइड के राज्य प्रशिक्षण केन्द्र, झीपन, जिला बलौदाबाजार में राज्य स्तरीय सर्वधर्म प्रार्थना सभा के दौरान कही। बृजमोहन अग्रवाल ने सर्वधर्म प्रार्थना सभा के माध्यम से समाज में आपसी भाईचारे, शांति, और समरसता की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि, अनुशासन के बिना जीवन असंगठित और अराजक हो सकता है। जिससे हम अपने उद्देश्यों से भटक सकते हैं। स्काउट्स एंड गाइड हमें सेवा भाव के साथ अनुशासन, समय प्रबंधन, आत्म-नियंत्रण और संयम सिखाता है और न केवल सीखाता है बल्कि मानवीय सेवा की सीख भी देता है।

श्री अग्रवाल ने युवाओं से आह्वान किया कि, वे जनसेवा के कार्यों के माध्यम से समाज में एक उदाहरण बनें। उन्होंने कहा कि, नवंबर 2025 में रायपुर में राष्ट्रीय जम्बूरी एवं पहली वर्ल्ड गर्ल्स गाइड जम्बूरी का आयोजन होने जा रहा है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर का यह आयोजन छत्तीसगढ़ और राज्य की स्काउटिंग को एक नई पहचान देगा। जिसके लिए सभी को एकजुट होकर काम करना होगा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ स्काउट्स एंड गाइड के 3 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल प्रदेश के 7 जिलों के 159 स्काउट्स एंड गाइड भी शामिल हुए। जिनसे बृजमोहन अग्रवाल ने संवाद किया और आयोजन के बारे में जानकारी हासिल की।

इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अपनी पूज्य माता जी को याद करते हुए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया। कार्यक्रम में राज्य उपाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव, विजय केशरवानी, कोषाध्यक्ष मुरली शर्मा, डॉ. अजय राव, नरेश केशरवानी, श्रीमती अदिति बघमार, शिव कटरिया, रामाधार पटेल समेत स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स, जिला शिक्षा अधिकारी, एसडीएम और गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## आज से प्रदेश सहित देशभर में अगले एक महीने तक रहेगी त्यौहारों की धूम : अमर पारवानी

**दस दिन के नवरात्रि एवं रामलीला, डांडिया एवं गरबा उत्सवों से होगा 50 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक का व्यापार**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्र सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि नवरात्रि, रामलीला, गरबा तथा डांडिया जैसे उत्सव, जो हर वर्ष देश भर में दस दिन तक मनाए जाते हैं, के चलते इस बार देशभर में व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ा बढ़ावा मिलना दिखाई दे रहा है। कनफ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के एक अनुमान के अनुसार अगले दस दिनों में प्रदेश सहित देश भर में लगभग 50 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक का व्यापार होने की संभावना है। इन उत्सवों के दौरान बाजारों में रौनक बढ़ने की उम्मीद है, जिससे व्यापारियों को काफी फायदा होगा। पिछले वर्ष दस दिन का यह व्यापार लगभग 35 हज़ार करोड़ रुपये का था।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि त्यौहारों में ख़रीदी की विशेष बात यह है कि बिक्री किया जाने वाले अधिकांश भारतीय उत्पाद ही होंगे। अब लोगों का चीन से बने सामानों से मोहभंग हो चुका है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर वोकल फॉर लोकल तथा आत्मनिर्भर भारत अभियान ने देश भर में भारतीय सामानों की गुणवत्ता को बढ़ाया है तथा अब भारत में बने सामान किसी भी विदेशी सामान से बेहतर हैं और यही कारण है कि उपभोक्ता का रुझान अब भारतीय वस्तुओं की ख़रीदी पर ही है।

श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने बताया कि प्रदेश सहित देश भर में नवरात्रि, रामलीला, गरबा एवं डांडिया जैसे 1 लाख से अधिक छोटे-बड़े कार्यक्रम आयोजित होते हैं जिसमें विभिन्न प्रकार के धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम शामिल हैं वहीं बड़े पैमाने पर देश भर में भक्ति संगीत के कार्यक्रम भी आयोजित होते है। इन उत्सवों के ज़रिए लाखों लोगों को रोज़गार मिलता है। नवरात्रि के समापन पर विजयदशमी, दुर्गा विसर्जन, करवा चौथ, धनतेरस, दीपावली, भाई दूज, छठ पूजा एवं तुलसी विवाह से त्यौहारों की यह श्रृंखला समाप्त होगी। उन्होनें ने यह भी बताया कि प्रदेश में छोटी बड़ी लगभग एक हज़ार से अधिक रामलीलाएँ आयोजित की जाती हैं वहीं सैकड़ों दुर्गा पूजा के पंडाल लगते हैं। मूल रूप से गुजरात में होने वाले डांडिया और गरबा के कार्यक्रम बड़े पैमाने पर अब प्रदेश सहित देश भर में आयोजित होते हैं और करोड़ों लोग त्यौहारों की ख़ुशियाँ मनाते हैं। ऐसा माना जाता है कि त्यौहार मनाने से घरों में सौभाग्य एवं संपन्नता का वास होता है। श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने बताया कि इस त्यौहारों के सीजन में कपड़े एवं परिधान खासकर पारंपरिक परिधान जैसे साड़ी, लहंगा, और कुर्ते की मांग नवरात्रि और रामलीला के दौरान काफी बढ़ती है। पूजा और धार्मिक आयोजनों के लिए लोग नए कपड़े खरीदते हैं, जिससे इस श्रेणी में व्यापार में उछाल देखने को मिलता है। वहीं बड़े पैमाने पर पूजा सामग्री की माँग भी होती है।

## महिला सुरक्षा हेतु मैत्री हेल्पलाइन नंबर लांच

**रायपुर (विश्व परिवार)।** कोरबा पुलिस प्रशासन के द्वारा सजग कोरबा सतर्क कोरबा के तहत बालिका एवं महिला सुरक्षा से संबंधित मैत्री व्हाट्स ऐप हेल्पलाइन नंबर कलेक्टर श्री अजीत वसंत की उपस्थिति में जारी किया गया है, जिसका शुभारंभ वाणिज्य एवं श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने कल गांधी जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में किया। इस अवसर पर श्री देवांगन ने कहा कि कोरबा पुलिस के द्वारा अपराध नियंत्रण एवं सुरक्षा हेतु कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में महिलाओं के साथ होने वाली छेड़छाड़ की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए मैत्री हेल्पलाइन नंबर +91-9479282100 जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि यह हेल्पलाइन नंबर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तथा अपराधियों पर नियंत्रण के लिए महिलाओं के लिए लाभकारी साबित होगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि बालिका एवं महिलाओं के साथ होने वाली छेड़छाड़ की घटनाएं, छिटाकसी आदि शिकायतों के विषय में लोकलाज के डर से महिलाएं या बालिकाएं पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने से संकोच करती हैं। ऐसी स्थिति में मैत्री हेल्पलाइन नंबर पर घटना की शिकायत तत्काल कर सकती हैं।

## भाजपा विधायक इंद्रकुमार साहू ने गांधी जयंती पर चलाया स्वच्छता अभियान

**नवापारा राजिम (विश्व परिवार)।** महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर अभनपुर विधानसभा के भाजपा विधायक इंद्रकुमार साहू ने अपने गृह ग्राम बेंद्री में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के दिन विधायक साहू ने अपने सहयोगियों के साथ हाथ में झाड़ू उठाकर सड़कों और सार्वजनिक स्थानों की सफाई की।



इस दौरान विधायक श्री साहू ने कहा, महात्मा गांधी ने स्वच्छता को समाज का अहम हिस्सा बताया था और उनके आदर्शों को अपनाते हुए स्वच्छता अभियान चलाना बेहद महत्वपूर्ण है। स्वच्छता से न सिर्फ शारीरिक, बल्कि मानसिक समृद्धि भी आती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने के लिए हमें मिलकर प्रयास करना चाहिए।

## एन.माही फिल्म प्रोडक्शन एवं निर्माता मोहित साहू की प्रस्तुति, 4 अक्टूबर को होगी रिलीज़

**चंदा मामा डांस प्रतियोगिता में रतनपुर का डॉस ग्रुप अव्वल, रायपुर का हल्दी ग्रुप को द्वितीय मिला पुरस्कार**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** एन.माही फिल्मस् प्रोडक्शन एवं मॉ मालती देवी फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में बूढ़ातालाब समीप स्थित बलबीर जुनेजा इंडोर स्टेडियम में दिनांक 04 अक्टूबर को पूरे प्रदेश में एक साथ रीलिज हो रहे छत्तीसगढ़ी फिल्म चंदामामा के गीत एवं रीलिक्स पर भव्य डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 20 डांस ग्रुप ने भाग लिये, जिन्होंने फिल्म चंदामामा के सभी आठ गानों पर शानदार परफॉर्मेंस दिये। फिल्म के गीत बतिया एवं भाई-बहन के प्यार और मॉ दुर्गा के गीतों पर सर्वाधिक प्रस्तुति दी गई। छत्तीसगढ़ में अपनी तरह के इस अभिनव आयोजन में राज्य के दुरस्थ क्षेत्रों के डांस ग्रुप्स शामिल हुए। एक तरफ परफॉर्मेंसों ने अपनी हुनर से दर्शकों का दिल जीता तो वहीं उपस्थित आडियंस ने भी तालियों और सीटियां बजाकर उनका उत्साह बढ़ाते दिखे। यह कार्यक्रम दीप प्रज्जवलन एवं छत्तीसगढ़ महतारी को पुश्प अर्पित कर किया गया। मुख्य आतिथ्य के आसंदी पर रायपुर नगर पालिक निगम के उप-नेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा आसीन रहे। अन्य अतिथिगणों में फिल्म निर्माता, कहानी एवं एक्शन डिजायनर मोहित साहू, विवेक शर्मा, उत्तम तिवारी, संतोष सारथी, किरण साहू, शशि एवं विक्की अन्य उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि मनोज वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ी फिल्म चंदामामा और इस डांस प्रतियोगिता के माध्यम से राज्य में प्रभु श्रीराम जो प्रदेश के भांजे के रूप में अपनी पहचान रखते है, क्योंकि छत्तीसगढ़ उनका ननिहाल है, उन्होंने मामा और भांजे की पवित्र पारंपरिक रिश्ते को आगे बढ़ाया है।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**1. निविदा सूचना सं.:** ई-आर-टी-71-24-25
दिनांक: 01.10.2024
**कार्य का नाम:** टीबीएसआर (एच-बीम)-1105 नग ब्रिज नं. 462 (डाउन) पर। **निविदा मूल्य:** ₹ 3,79,17,095/-, | **ईएमडी:** ₹ 3,39,600/-

**2. निविदा सूचना सं.:** ई-आर-टी-72-24-25
दिनांक: 01.10.2024
**कार्य का नाम:** रायपुर मंडल के सीनियर डीईएन/I/ रायपुर के अधिकार क्षेत्र में TFR-21.674 कि.मी., TSR-33.119 कि.मी., यार्ड लाइनों की डीप स्क्रीनिंग - 13.468 कि.मी. और लूप लाइनों - 0.864 कि.मी. जैसे पी.वे कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** ₹ 8,10,10,480/-, | **ईएमडी:** ₹ 5,55,100/-

**निविदा प्रस्तुत करना:** दिनांक **25.10.2024** के **11:00** बजे तक। **निविदा का खोला जाना:** दिनांक **25.10.2024** को **11:00** बजे।
विस्तृत विवरण/निविदा दस्तावेज की खरीद, पात्रता मानदंड एवं उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण हेतु कृपया वरिष्ठ मंडल इंजिनियर (समन्वय), एस.ई.सी रेलवे, रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें अथवा हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों का अवलोकन / डाउनलोड करें।

**वरिष्ठ मंडल अभियंता - I,**
**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे,**
**रायपुर**
PR/R/ENGG/FL/137
South East Central Railway @secrail



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./14890/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 03-10-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 14890
वार्ड का नाम-57-पं. भगवती चरण शुक्ल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 57 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR448D00010** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SMT. ANWAR ZEHRA NAQVI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **QAZI AZIZUDDIN AHMAD** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **निखत खान** पिता/पति, श्री/श्रीमती **अलीम उल्ला खान** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-4
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./14887/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 03-10-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 14887
वार्ड का नाम-35-पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 35 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR334A00111** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **BALVINDER KAU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SWARNJEET BHUTANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **नवनीत बिनानी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **गोवर्धन दास बिनानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-4
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./14884/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 03-10-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 14884
वार्ड का नाम-45- स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 45 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR739B00351** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **DHARAMCHAND JHABAK** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ASKARAN JHABAK** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1. **भागचंद झाबक** 2 **राकेश झाबक** पिता/पति, श्री/श्रीमती **दोनो के पिता स्व. धरमचंद झाबक** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स, रशीद, मलमा, बिक्रीनामा, परिचय पत्र, व अन्य दस्तावेज** वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-4
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./14773/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 26-09-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 14773
वार्ड का नाम- 16 - वीर शिवाजी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 16 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107E00328** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **DASHRATH LAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DYALURAM VERMA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MUNNI BAI VERMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. BHISHM VERMA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री हितेन्द्र यादव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (1)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./14886/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 03-10-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 14886
वार्ड का नाम-45-स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 45 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR739C00147** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MEERA BAI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MAKHAN SINGH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **हेमंत सिंह ठाकुर** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. माखन सिंह ठाकुर** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, मलमा बिक्रीनामा, परिचय पत्र व अन्य दस्तावेज**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-4
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./14888/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 03-10-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 14888
वार्ड का नाम-64-विपिन बिहारी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 64 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR656F00046** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **AMAR KISHNANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MR. RADHAMAL KISHNANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **मोती सिंह** पिता/पति, श्री/श्रीमती **राम नरेश सिंह** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स, रशीद, मलमा, बिक्रीनामा, परिचय पत्र, व अन्य दस्तावेज**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-4
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./14881/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 03-10-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 14881
वार्ड का नाम-35-पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 35 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR224D00335** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SELJA TICHKULE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SADASHIV RAO** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1. **सुधीर कुमार टिचकुले,** 2 **संदीप सदाशिव टिचकुले,** 3 **अर्चना कोमल प्रसाद बांते,** पिता/पति, श्री/श्रीमती **सभी पिता स्व. सदाशिव राव टिचकुले** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स, रशीद, मलमा, बिक्रीनामा, परिचय पत्र, व अन्य दस्तावेज**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-4
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./14885/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 03-10-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 14885
वार्ड का नाम-45-स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 45 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR739B0352B** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **DHARAM CHAND** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ASKARAN JHABAK** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1. **अनुराधा देवी झाबक** 2. **भागचंद झाबक** 3 **राकेश झाबक,** पिता/पति, श्री/श्रीमती **तीनो पति / पिता स्व. धरमचंद झाबक** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स, रशीद, मलमा, बिक्रीनामा, परिचय पत्र, व अन्य दस्तावेज** वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-4
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./14948/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 03-10-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 14948
वार्ड का नाम- 28- शहीद हेमू कालाणी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 28 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR235G00340** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **GOPAL PRASAD AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O RATIRAM AGRAWAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1. **SMT. RUCHITA AGRAWAL W/O BIKASH KUMAR AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **2 SMT. ANNU AGRAWAL W/O YOGESH AGRAWAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री आर.के. डोंगरे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (2)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**न्यायालय तहसीलदार गरियाबंद जिला- गरियाबंद (छ.ग.)**
रा.प.क्र. 202403221300043/ब/121
वर्ष 2023-24

**इश्तिहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **भागीरथी पिता स्व. पिलादाउ जाति गोड़ निवासी ग्राम कासरबाय तहसील व जिला गरियाबंद (छ.ग.)** के द्वारा ग्राम **कासरबाय प.ह.नं. 03 रा.नि.मं.** व तहसील व जिला गरियाबंद में आवेदक अपने पिता स्व. पलादाउ का मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय करने हेतु आवश्यक दस्तावेज सहित आवेदन पेश किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था/शासकीय,अर्द्धशासकीय निकाय या अन्य संस्था को किसी भी प्रकार की दावा / आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अधिवक्ता या आम मुख्तयार के जरिये दिनांक 14.10.2024 तक पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30.09.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
गरियाबंद

# एसएसपी सूरजपुर ने प्रतिबंधित दवा के उपयोग को रोकने दवा दुकान संचालकों के साथ बैठक की

### बिना डॉक्टर के पर्चे की दवा न दें, नशे के खिलाफअभियान में मेडिकल-स्टोर संचालक करेंगे सहयोग

### नशेड़ी प्रवृत्ति के लोगों को नशा मुक्ति केन्द्र में कराये भर्ती




**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**पुलिस नशे के खिलाफ लगातार कार्यवाही कर रही हैं। नशा की सामग्री न मिलने पर नशे के आदि लोग मेडिकल स्टोर पर मिलने वाली दवाओं सहित अन्य सामग्री का इस्तेमाल नशे के रूप में कर रहे हैं। आज डीआईजी/एसएसपी सूरजपुर श्री एम.आर.आहिरे (भापुसे) ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सभी मेडिकल संचालकों के साथ जिला पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक कर नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में उनकी सहभागिता पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में डीआईजी/एसएसपी सूरजपुर ने कहा कि हम सभी को अपनी जिम्मेदारियों को समझने की जरूरत है, हमें प्रयास करना चाहिए कि आज का युवा नशे का आदि न हो। मेडिकल स्टोर संचालकों को नशे पर लगाम लगाने के लिए अभियान में सहयोग की अपील करते हुए कहा की अगर मेडिकल स्टोर पर कोई व्यक्ति नशे से संबंधित दवा खरीदने आता है और संदिग्ध प्रतीत होता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। जिससे ऐसे व्यक्ति पर सख्त से सख्त वैधानिक कार्रवाई की जा सके। कुछ नशेड़ी सिरिंज का इस्तेमाल नशा करने में करते हैं। सभी मेडिकल स्टोर संचालकों को इस पर ध्यान देना आवश्यक हैं। ऐसे किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक रुप से इंजेक्शन और सीरिंज न दें। उन्होंने कहा कि डॉक्टर के पर्चे के बगैर प्रतिबंधित दवाओं को न दें। साथ ही मेडिकल स्टोर पर बाहर की तरफ जहां ग्राहक खड़े होते हैं सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगाएं। जिससे नशेड़ी लोगों की पहचान कर नशे पर रोक लगाई जा सके। गौरतलब है कि गुरूवार, 3 अक्टूबर को सभी मेडिकल स्टोर संचालकों के द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सहयोग करने और पुलिस की ओर से दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए नशा करने वाले लोगों को प्रतिबंधित दबाएं और इंजेक्शन, सिरिंज नहीं देने का आश्वासन दिया।

एडिशनल एसपी संतोष महतो ने बताया कि प्रतिबंध दवा देने के लिए जो नियम बने हैं, उनका हर हाल में पालन किया जाए। साथ ही बार-बार इस तरह की दवा खरीदने वालों को चिह्नित भी किया जाए। इस दौरान डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, निरीक्षक जावेद मियादाद, स्टेनो अखिलेश सिंह, सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. अजय मरकाम, समाज कल्याण विभाग के संचालक बेनेडिक तिर्की, ड्रग इंस्पेक्टर जयप्रकाश शर्मा, अमरेश तिर्की, डीसीडीए अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, नशा मुक्ति केन्द्र संचालक सुरेन्द्र साहू, मेडिकल स्टोर संचालक राजेश गोयल, दीपक मित्तल, नितिन गुप्ता, सतीश पाल, राजेश्वर गुप्ता, दीपेन्द्र पाल, विनोद कुमार, दुर्गेश राजवाड़े, रामनिवास साहू, अनुराग सिंहदेव, संजय, राकेश प्रजजापति, राजेश ठाकुर, प्रदीप जायसवाल, अमित सिंह, डॉ. कृष्णा साहू, राकेश प्रजापति व दीपक रवि मौजूद रहे।

नशेड़ी प्रवृत्ति के लोगों को नशा मुक्ति केन्द्र में कराये भर्ती।* बैठक में डीआईजी/एसएसपी सूरजपुर ने नशा मुक्ति केन्द्र के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नशेड़ी प्रवृत्ति के लोगों का नि:शुल्क उपचार नशा मुक्ति केन्द्र सूरजपुर में किया जा रहा है जिसका संचालन प्रशासन कर रहा है। नशेड़ी प्रवृत्ति के लोगों की सूचना नशा मुक्ति केन्द्र संचालक अथवा पुलिस को दे ताकि उनके परिजन की सहमति से उनका उपचार कराया जा सके जिससे वह स्वस्थ्य होकर समाज की मुख्य धारा में वापस लौट सके।

# जन्मदिन के अवसर पर बच्चों को कराया गया न्योता भोज

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** - छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत न्योता भोजन की पहल की गई है यह एक सामुदायिक भागीदारी पर आधारित पहल है इसके तहत, किसी भी खास मौके पर या स्वेच्छा से कोई भी व्यक्ति, समुदाय के लोग, या सामाजिक संगठन स्कूलों में भोजन का आयोजन कर सकते हैं।आज इसी कड़ी में विनोद शाह ने स्कूली बच्चों के साथ मनाया अपना जन्मदिन मनाया ।




भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल महामंत्री एवं ओम साईं रक्तदाता समिति के कार्यकारिणी अध्यक्ष विनोद शाह के द्वारा प्राथमिक शाला कन्या विद्यालय शिवनंदनपुर में अपने जन्मदिन के अवसर पर पूर्ण न्योता भोजन में जिसमें चावल सांभर पूड़ी,खीर, फल एवं मिठाई की व्यवस्था की गई एवं स्कूली स्टाफ एवं बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया गया जिसमें प्राथमिक शाला बालक शिवनंदनपुर के बच्चे भी शामिल हुए।

उक्त अवसर पर विनोद शाह अपने धर्मपत्नी प्रगति शाह और बच्ची जीनल शाह के साथ विद्यालय के बच्चों को अपने हाथों से भोजन बांटकर भोजन कराया । बच्चों एवं विद्यालयीन स्टाफ ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित की।

# सीएमपीएम घोटाले की हो सीबीआई जांच, भामसं ने उठाई मांग

**कोरबा(विश्व परिवार)।** अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ के आह्वान पर आज एस ई सी एल मुख्यालय बिलासपुर के समक्ष हजारों की संख्या में कोयला उद्योग के कोरबा,गेवरा, कुसमुंडा, रायगढ़,जमुना कोतमा, विश्रामपुर,हसदेव, जोहिला और बड़ी संख्या में मुख्यालय बिलासपुर के नियमित और ठेका श्रमिकों ने विशाल धरना प्रदर्शन में उत्साह से शामिल हुए। आंदोलन का नेतृत्व करने के लिए उपस्थित अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के अध्यक्ष श्री टिकेश्वर राठौर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की एवं संगठन के अखिल भारतीय मंत्री एवं एस ई सी एल कल्याण बोर्ड सदस्य श्री महेंद्रपाल सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया, अन्य प्रमुख वक्ताओं में केन्द्रीय उपाध्यक्ष और कोल इंडिया स्टेंडराइजेशन कमेटी के सदस्य श्री मजरुल हक अंसारी, एस ई सी एल समन्वयक एवं जे सी सी सदस्य श्री सुजीत कुमार सिंह, एस ई सी एल सुरक्षा समिति सदस्य श्री संजय सिंह,इंनसेंटिव समिति के प्रभारी श्री प्रदीप सिंह बघेल, आई आर प्रभारी श्री अशोक सूर्यवंशी,भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष और ईपीएफ्ओ सदस्य श्री शंखध्वनि सिंह बनाफर, सहित सभी आठ क्षेत्रों के अध्यक्षध्महामंत्रियों ने सभा को संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने सत्रह सूत्रीय मांगपत्र के अनुसार स्थाई और ठेका श्रमिकों की सुरक्षा, चिकित्सा, सीएम पीएफ, बोनस, पेंशन,महिला सशक्तिकरण सहित सभी विषयों पर शीघ्र निराकरण करने की मांग की है।

# आम आदमी पार्टी का महा धरना प्रदर्शन

**कोरबा(विश्व परिवार)।** हसदेव अरण्य में बेशकीमती पेड़ों की कटाई पर रोक लगाने की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी के तत्वाधान में पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के ग्राम गुरसिया में एक दिवासीय महा धरना का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू के नेतृत्व में किया गया। जिसमें प्रदेश व जिला स्तर के बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए। इस मौके पर तमाम वक्ताओं ने हसदेव अरण्य में वनों की अंधाधुंध कटाई को लेकर केंद्र व राज्य सरकार को आड़े हाथ लिया। वही हाथी प्रभावित क्षेत्र में शासन प्रशासन की अनदेखी को लेकर आवाज बुलंद की गई । अपने उदबोधन मे प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा कि ,कोयले का पर्याप्त भंडारण है बावजूद अदानी को व्यक्तिगत लाभ पहुंचाने की मनसा से यह सौदेबाजी की गई है ।प्रदेश उपाध्यक्ष सूरज उपाध्याय ,प्रियंका शुक्ला, भानु चंद्रा ,राजेंद्र बहादुर ने भी उपस्थित कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों को संबोधित किया ।तमाम पदाधिकारीयो ने इस आंदोलन के माध्यम से आगाह किया कि, इस मुद्दे को लेकर उनकी लड़ाई आगे भी जारी रहेगी ।अंत में ज्ञापन सौंप कर औपचारिकता पूरी की गई ।इस अवसर पर प्रदेश संगठन मंत्री आनंद सिंह प्रदेश ,उपाध्यक्ष दुर्गा झा ,ओबीसी विंग प्रदेश अध्यक्ष मुन्ना विसेन ,प्रदेश संगठन महामंत्री एलेक जैंडर केरकेट्टा,प्रदेश सचिव के ज्योति, महिला विंग अध्यक्ष मिथिलेश बघेल ,संजीत विश्वकर्मा नियोक्ता शुक्ला ,सरगुजा जिला अध्यक्ष राजीव लकड़ा, लोकसभा अध्यक्ष प्रतिमा सिन्हा ,सचिव शत्रुघन साहू, जिला अध्यक्ष संतोष यादव ,ग्रामीण जिला अध्यक्ष जगलाल राठिया विजय नायक ,लंबोदर भट्ट ,लहना सिंह ,गौतम सिंह ,सपन बहादुर सिंह, शोभरन सिंह , संतोष गबेल ,छबिलाल राठिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# जिले में संचालित विकास कार्यों को तीव्र गति से पूरा करने कलेक्टर दिए निर्देश

### पीडब्लूडी, गृहनिर्माण मंडल, सीजीएमएससी, आदिम जाति कल्याण विभाग के कार्यों की हुई समीक्षा

**जशपुर(विश्व परिवार)।** जिले विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित विकास कार्यों की समीक्षा हेतु मंगलवार को कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल द्वारा समीक्षा बैठक आहूत की गई। इस बैठक में लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण विभाग, गृह निर्माण मंडल छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विस कॉरपोरेशन लिमिटेड, आदिम जाति कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। जिसमें कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की विभिन्न परियोजनाओं के प्रस्ताव निर्माण, तकनीकी, वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति हेतु तीव्र गति से किये गए उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए, सभी स्वीकृति प्राप्त कार्यों की निविदा प्रक्रिया उपरांत जल्द से जल्द कार्य को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। वहीं निर्माणाधीन कार्यों की स्थिति का जायजा लेते हुए उन्होंने सभी को समयानुसार पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीडब्लूडी के सेतु उपसंभाग के अधिकारियों को सेतु निर्माण में तीव्रता लाते हुए बाढ़ संवेदनशील क्षेत्रों में प्राथमिकता से कार्य करने को कहा। इसके अतिरिक्त उन्होंने आदिम जाति विकास विभाग के अंतर्गत आश्रम छात्रावासों के निर्माण स्थिति का जायजा लेते हुए उन्हें समयानुसार पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने गृह निर्माण मंडल एवं सीजीएमएससी के कार्यों की भी समीक्षा की। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी, ईई पीडब्लूडी पत्थलगांव मोचन कश्यप, ईई पीडब्लूडी जशपुर वीरेन्द्र कुमार चौधरी, सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग संजय कुमार सिंह, गृह निर्माण मंडल से अनुविभागीय अधिकारी सर्वे पटेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कुसमुंडा क्षेत्र से तीन सौ मजदुरों ने एच एम एस युनियन छोड़कर एटक युनियन में शामिल

### एटक ने मज़दूरों को हक दिलवाने के लिए हमेशा क़ुर्बानी दी है-हरिद्वार सिंह

**गोपाल सिंह विद्रोही**




**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**- कुसमुंडा क्षेत्र के वर्कर क्लब में एस के एम एस (एटक) के तत्वावधान में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमे मुख्य वक्ता एटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं एस ई सी एल के केन्द्रीय महामंत्री कामरेड हरिद्वार सिंह थे,बिशिष्ट अतिथि कम्पनी के अध्यक्ष कामरेड अजय बिश्वकर्मा रहे, सम्मेलन की अध्यक्षता कामरेड बिरेन्द्र टंडन ने किया। सम्मेलन में विशेष रुप से कामरेड लिंगराज नायक कामरेड दिपक उपाध्याय कामरेड एल पी अघरिया कामरेड अरुण सिंह कामरेड विजय मुदलियार कामरेड एस के त्रिपाठी कामरेड बिनोद यादव कामरेड अजीत सिंह सहित सैकड़ों एटक के कार्यकर्ता सम्मेलन में मौजूद थे। सम्मेलन में एच एम एस युनियन के तीन सौ कार्यकर्ताओं ने केन्द्रीय सचिव कामरेड राजबीर पनिका के नेतृत्व में गर्मजोशी के साथ गगनभेदी नारों के बीच एटक युनियन की सदस्यता ग्रहण किए। एटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष,कोल इंडिया मानकीकरण कमेटी के सदस्य एवं एस ई सी एल के एटक युनियन के महामंत्री कामरेड हरिद्वार सिंह ने सम्बोधित करते हुवे कहा की कंपनी के इतिहास में पहली बार हो रहा है कि किसी यूनियन के इतनी भारी संख्या में सदस्य छोड़कर किसी दूसरे यूनियन में ज्वाइन कर रहे हो यह अभूतपूर्व है। एटक का 104 बर्ष का मज़दूरों से रिश्ता है,एटक ने बलिदान दिया है। हम दिवार पर बलिदान नारा लिखकर मज़दूरों के आँखों में धूल झोंकने का काम नहीं करते हैं। एटक के प्रथम अध्यक्ष लाला लाजपत राय साइमन कमीशन का विरोध करते हुए शहीद हो गए थे।आज़ादी की लड़ाई एटक ने लड़ी है। कंपनसेशन क़ानून 1923 में ये एटक ने बनवाया यहाँ तक कि ट्रेड यूनियन बनाने का क़ानून भी एटक के संघर्षों की देन है। ठेका श्रमिकों के लिए किसी युनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष 40 दिन तक जेल में रहे तो ये उदाहरण सिर्फ एटक के कामरेड रमेंद्र कुमार ने पेश किया है जेल गए हैं। एटक राष्ट्रीय अध्यक्ष कामरेड रमेंद्र कुमार एक बार सांसद एवं तीन बार बिधायक रहें हैं 23 सितम्बर 2024 को चार लेबर कोड के खिलाफ कौन 2 युनियन मैदान में लड रही मज़दूर सब जानता है। कामरेड हरिद्वार सिंह ने आगे कहा की एटक लडने के लिए जिन्दा है और जिन्दा रहने के लिए लडता है एटक में मज़दूरों को उन्होंने आश्वस्त किया कि तुम्हारे सम्मान की रक्षा करना हमारा काम है। बोनस की बैठक में भाग लेकर लौटे कामरेड हरिद्वार सिह ने कहा कि पिछली बार से अधिक बोनस कोयला मज़दूरों को मिला है। पहली बार ठेका मज़दूरों को 8.33त्न बोनस दिवाली के पूर्व मिलेगा यह सच में उनके घर दिवाली होगी। केन्द्रीय अध्यक्ष कामरेड अजय विश्वकर्मा ने कहा कि सभी साथी जो एटक में शामिल हुए हैं उनकी हर समस्या का समाधान हम करेंगे। हम सब एक हैं मिलकर लड़ेंगे।

कामरेड राजबीर पनिका जिनके नेतृत्व में तीन सौ मज़दूरों का एटक में प्रवेश हुआ ने ज़ोरदार ढंग से अपनी बात को रखा और कहा आगामी वर्ष कुसमुंडा क्षेत्र में एटक के मौजुदा सदस्य संख्या में पांच सौ सदस्यों की संख्या बढ़ेगी हम महामंत्री कामरेड हरिद्वार सिंह के संघर्ष को बचपन से देखते आये हैं। उन्ही से प्रभावित होकर एटक में आये हैं। सम्मेलन को कामरेड बी धर्माराव,कामरेड दिपक उपाध्याय,कामरेड लिगराज नायक,कामरेड एल पी अघरिया,कामरेड एस के त्रिपाठी,कामरेड बिनोद यादव कामरेड अरुण सिंह,कामरेड बिजय मुदलियार आदि ने भी संबोधित किया। कामरेड अजीत सिंह ने स्वागत भाषण दिया। क्षेत्रीय अध्यक्ष कामरेड विरेंद्र कुमार टंडन ने घोषणा किया कि आज के बाद कामरेड राजबीर पनिका मेरी जगह क्षेत्रीय अध्यक्ष होंगे। तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वीकार किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### दीपका खदान में ड्रिल मशीन में लगी आग

**कोरबा(विश्व परिवार)।** दीपका खदान में कार्य के दौरान कोयला फेस में लगी ड्रिल मशीन में अचानक आग लग गई। घटना में आपरेटर ने कूद कर जान बचाई। दमकल के स्थल पर पहुंचने तक पूरी मशीन आग में जल कर खाक हो गई। साऊथ ईस्टर्न कोलफिल्डस लिमिटेड (एसईसीएल) की दीपका खदान में मंगलवार को प्रथम पाली में दोपहर 12 बजे घटना हुई। खदान के अमगांव कोयला फेस में 150 एमएम क्षमता वाली 506 नंबर की ड्रिल मशीन में आपरेटर ओमप्रकाश ब्लास्टिंग के लिए जमीन में ड्रिल कर रहा था। इसी दौरान अचानक मशीन से धुआं निकलने लगा। धुआं देख आपरेटर कुछ समझ पाता, इसके पहले ही मशीन में आग लग गई। तब आपरेटर ने कूद कर अपनी जान बचाई और वहां उपस्थित अन्य कर्मियों के साथ आग बुझाने का प्रयास किया। साथ ही घटना की सूचना विभागीय दमकल व शिफ्ट इंचार्ज को दी। स्थल पर जब तक दमकल पहुंच पाती, तब तक मशीन जल कर पूरी तरह खाक हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी स्थल पर पहुंचे और अपने स्तर जांच किए। प्रबंधन ने घटना को लेकर विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।

### युवा कांग्रेस आरटीआई विभाग ने गृह मंत्री का किया पुतला दहन

**कोरबा(विश्व परिवार)।** आरटीआई विभाग जिला कोरबा युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह ठाकुर विधानसभा अध्यक्ष आकाश पटेल के संयुक्त नेतृत्व में टीपी नगर चैक में कवर्धा में पुलिस की प्रताड़ना से युवा प्रशांत साहू के मौत एवं साथ ही उसके परिजन ग्रामीण पर पुलिसिया अत्याचार को बढ़ावा देने वाले एसपी अभिषेक पल्लव पर कार्रवाई की मांग को लेकर गृह मंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला सचिव आरटीआई विभाग धनंजय राठौर एनएसयूआई जिला सचिव अभिषेक सिंह मुकुल सोनू सरदार अनिकेत ओम जीतू गोलू सज्जाद अंकित बंजारे सोनू जायसवाल सूरज नेताम रोमी मनीष चंदन पटेल दिनेश मनीष देव आशु आयुष विजेंद्र सचिन आशिक साहिल राहुल समीर शंकर राहुल विश्वकर्मा रंजीत शर्मा सनी नरेंद्र रॉबिन रोहित गोलू ऋषि लकी अजय राधे विशाल शामिल हुए.

### सड़क सुरक्षा के उपाय नहीं करने पर उपक्रमों को लगाई फटकार

**कोरबा(विश्व परिवार)** । कोरबा जिले की सड़कों पर बढ़ती सड़क दुर्घटना की रोकथाम के लिए जिला कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की एक बैठक आहूत हुई। उक्त बैठक में एडीएम दिनेश कुमार नाग की अध्यक्षता में दुर्घटना, पुलिस कार्यवाही, ब्लैक स्पॉट, सड़क सुधार, परिवहन विभाग की कार्यवाही, यातायात जनजागरूकता कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी पर चर्चा हुई। इसमें मुख्य रूप से 2 माह पहले हुई समिति की बैठक में दिए गए सड़क सुरक्षा के उपाय के निर्देश पर प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान एसईसीएल ने दीपका के गौरव पथ व हरदीबाजार के सरईसिंगार तिराहा पर गड् ?ढों को नहीं भरने पर फटकार लगाई। बालको-परसाभाठा चैक से बजरंग चैक तक सीसी कैमरा लगाने के संबंध में बिजली विभाग व पीडब्ल्यूडी से एनओसी की प्रक्रिया बाकी होने की जानकारी मिली।अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा के उपाय नहीं करने पर उपक्रमों को हिदायत देते हुए निर्देशित कार्यों को जल्द पूरा कराने हिदायत दी।

### गेवरा खदान में परिवहन रोक, निजी ठेका कंपनी पर लगाया आरोप

**कोरबा(विश्व परिवार)।** सार्वजनिक क्षेत्र के वृहद उपक्रम कोल् इंडिया के अधीन संचालित एसईसीएल बिलासपुर की कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में स्थापित खुले मुहाने की गेवरा कोयला परियोजना अंतर्गत एसईसीएल की मेगा परियोजना एसईसीएल गेवरा खदान में माइंस में नियोजित एक निजी कंपनी के ठेका कर्मियों ने प्रबंधन के खिलाफ आरोप लगाते हुए मोर्चा खोल दिया हैं। उन्होंने मिट् ?टी और कोयले के परिवहन में लगी गाड़ियों को रोक दिया। निजी कंपनी पर मनमानी करने का आरोप लगाया। खदान में आंदोलन कर रहे ठेका कर्मियों ने एचपीसी दर पर वेतन नहीं मिलने का भी आरोप लगाया हैं। एसईसीएल गेवरा एरिया कार्यालय में निजी कंपनी के अधिकारियों के साथ ठेका कर्मियों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। 6 अक्टूबर को एसडीएम की मौजूदगी में निजी कंपनी के सक्षम अधिकारियों व ठेका कर्मियों के प्रतिनिधि मंडल के साथ बैठक आयोजित कर मांगों पर निर्णय लेने के आश्वासन पर आंदोलन समाप्त किया गया।

## संपादकीय

# चीन विरोधी रुख क्वॉड 2024 में मुख्य थीम.....

बाइडेन ने अपना चीन विरोधी रुख दो-टूक व्यक्त किया। कहा कि चीन हर मोर्चे पर हमारा इम्तिहान ले रहा है। चीन की चुनौती और इंडो-पैसिफिक में उसके बढ़ते कथित दबदबे से निपटना क्वॉड-2024 में मुख्य थीम बना रहा। वैसे तो अमेरिका के डेलवेयर में आयोजित क्वॉड्रैंगुलर सिक्युरिटी डायलॉग (क्वॉड) शिखर सम्मेलन की विदाई बैठक कहा गया था, लेकिन यहां इसके सदस्य देशों ने चीन के खिलाफ सख्त रुख अपनाया। इसे विदाई बैठक इसलिए कहा गया, क्योंकि यह अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा की इसमें आखिरी भागीदारी थी। अगले कुछ महीनों में दोनों अपने पद से रिटायर्ड हो जाएंगे। लेकिन जाते-जाते बाइडेन ने अपना चीन विरोधी रुख दो-टूक व्यक्त किया। कहा कि चीन हर मोर्चे पर हमारा इम्तिहान ले रहा है। चीन की चुनौती और इंडो-पैसिफिक में उसके बढ़ते कथित दबदबे से निपटना क्वॉड-2024 में मुख्य थीम बना रहा। जारी साझा बयान में कहा गया- हम विवादित पक्षों के सैन्यीकरण और दक्षिणी चीन सागर में बलपूर्वक और धमकाने वाले पैतरों पर गंभीर चिंता जाहिर कर रहे हैं। इसके बावजूद क्वॉड नेता चीन का सीधे नाम लेने से बचे। यहां तक कि बाइडेन ने बैठक में जब कहा कि 'चीन लगातार आक्रामक बर्ताव कर रहा है और समूचे क्षेत्र में हमें जांच रहा है', तो बताया गया कि ये टिप्पणी सार्वजनिक तौर पर नहीं की जानी थी। लेकिन संभवत: बाइडेन का माइक्रोफोन गलती से ऑन रह जाने की वजह से यह सबको सुनाई दे गया। उधर प्रधानमंत्री मोदी ने यह जिक्र करना जरूरी समझा कि क्वॉड किसी देश विशेष के खिलाफ नहीं है। उन्होंने पहले की ही तरह क्वॉड को सकारात्मक एजेंडे से संचालित बताने की कोशिश की। वैसे मोदी ने कहा कि क्वॉड मुक्त और खुले इंडो-पैसिफिक क्षेत्र का समर्थन करता है। उन्होंने कहा- मुक्त, खुला हुआ, समावेशी और संपन्न इंडो-पैसिफिक हमारी प्राथमिकता है। हम किसी के विरुद्ध नहीं हैं। हम सभी नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, संप्रभुता के लिए सम्मान, भूभागीय अखंडता और सभी मसलों के शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करते हैं। बातों का मतलब साफ है। निशाना चीन ही है। तटरक्षकों के साझा अभ्यास पर सहमति भी चीन केंद्रित ही है। फिर भी चीन का सीधे नाम लेने में हिचक क्यों है, यह समझना रहस्य बना हुआ है।क्या यह भारत की ब्रिक्स और एससीओ जैसे मंचों पर भी उपस्थिति की सीमाओं के कारण है?

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी....महात्मा गांधी के आदर्शों को आत्मसात करने वाले व्यक्ति

सुमित्रा गांधी कुलकर्णी

मैंने अप्रैल 2024 में मतदान केंद्र पर जाकर अपना वोट डाला और जब जून 2024 में श्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बने तो मुझे



बहुत प्रसन्नता हुई। महात्मा गांधी या बापूजी जैसा कि मैं उन्हें बुलाती हूं, वह मेरे दादा थे। मैं उनके साथ 19 वर्ष की आयु तक रही, अब मैं 95 वर्ष की हो गई हूं और मुझे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की तुलना गांधीजी से करने और अपने विचारों को कलमबद्ध करने की आवश्यकता महसूस हो रही है। आने वाली पीढ़ियां गांधीजी के परिवार के उस सदस्य के विचार जानना चाहेंगी, जिन्हें वयस्क होने पर इन दोनों व्यक्तियों को जानने का करीबी से सौभाग्य प्राप्त हुआ। मैंने अपने लंबे जीवनकाल में बहुत सारे नेताओं को जाना है, लेकिन नरेन्द्र भाई के साथ मेरा जुड़ाव असाधारण है। इसकी शुरुआत वर्ष 1975 के आपातकाल के चुनौतीपूर्ण दौर में हुई थी। हालांकि मुझे वास्तविक रूप से वह क्षण याद नहीं है, लेकिन नरेन्द्र भाई उस समय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक युवा और ऊर्जस्वी प्रचारक थे। 1970 के दशक में अलगाववाद देश के ताने-बाने को खा रहा था। गुजरात से राज्यसभा सदस्य के रूप में पाकिस्तान से भारी घुसपैठ के कारण सीमावर्ती जिलों में हो रहे जनसांख्यिकीय परिवर्तन से मैं बहुत चिंतित थी। असम में यह घुसपैठ बहुत ज़्यादा थी। उस समय मेरी पार्टी कांग्रेस के किसी भी नेता ने इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लिया था। लेकिन मुझे अच्छी तरह याद है कि किस प्रकार नरेन्द्र भाई उस समय कम उम्र में भी ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते थे। वह राष्ट्रीय मुद्दों के प्रति स्पष्ट रूप से प्रतिबद्ध थे और तत्कालीन राजनीतिक परिदृश्य ने उनका ध्यान इस मुद्दे से विचलित नहीं किया। वह उन दिनों भी ग्रामीण महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों- व्यक्तिगत स्वच्छता; स्वच्छ पेयजल; प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल आदि से पूरी तरह परिचित थे। उन्होंने प्रधानमंत्री बनने के तुरंत



बाद अनुकरणीय साहस का परिचय दिया और स्वतंत्रता दिवस के अपने संबोधन में राष्ट्रीय स्वच्छता की आवश्यकता को स्पष्ट किया। उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान की नींव रखी, जिससे स्वच्छता में काफी सुधार हुआ और इसके साथ ही पूरे देश महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा भी बढ़ोतरी हुई। मेरे दादाजी 'जन आंदोलन' में विश्वास करते थे, क्योंकि लोगों के इस प्रकार के आंदोलन स्थायी सामाजिक परिवर्तन का आधार है। नरेन्द्र भाई का 'सबका' शब्द पर अटूट विश्वास है, जैसे कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और विकसित भारत। ये उनके लिए महज चर्चा करने वाले शब्द नहीं हैं, बल्कि उनके प्रेरक तत्व हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान उनका 'मानवता सर्वप्रथम' युक्त नेतृत्व देश की सीमाओं तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि इसने संपूर्ण विश्व को अपने दायरे में समाहित कर लिया। एक बार फिर उन्होंने धारा के विपरीत जाकर हमें अनुच्छेद 370 की घुटन भरी स्थिति से मुक्त किया। वह व्यवस्थित रूप से उस एजेंडे को पूरा कर रहे हैं, जिसे आजादी हासिल होने के बाद पूरा किया जाना चाहिए था। नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) इसका एक उदाहरण है। सनातन धर्म की इस महान धरा पर अनेक गुरुओं- शिरडी के साईं नाथ, श्री रमण महर्षि आदि की आध्यात्मिक शक्ति से राजनीतिक स्वतंत्रता हासिल हुई और गांधीजी इसका नेतृत्व करने के साधन बने। यह कोई संयोग नहीं है कि दशकों बाद नरेन्द्र भाई हमें औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त करने का माध्यम बन गए हैं। यह स्वतंत्रता का दूसरा संघर्ष है। मेरे दादाजी हमेशा कहा करते थे, 'आप विश्व में जो परिवर्तन देखना चाहते हैं, वह पहले खुद से करें।' एक आरएसएस कार्यकर्ता से लेकर भारत के प्रधानमंत्री तक नरेन्द्र भाई की यात्रा को करीब से देखने के बाद मैं बिना किसी दुविधा के कह सकती हूं कि नरेन्द्र मोदी उस बदलाव का साकार रूप हैं, जिसकी हम सभी अपने प्रिय देश में कामना करते रहे हैं। यद्यपि मैं संतों की जीवनी में विश्वास नहीं करती हूं, लेकिन मुझे निष्पक्ष रहना चाहिए। बापूजी और नरेन्द्र भाई के बीच सबसे बड़ी समानता यह है कि उनका सार्वजनिक जीवन सनातन धर्म के आध्यात्मिक मूल से जुड़ा है। वे दोनों- स्थितप्रज्ञ हैं और प्रशंसा तथा आलोचना दोनों से ही उनका ध्यान अपने लक्ष्य के प्रति कभी नहीं डगमगाया है। ऐसा ही व्यक्ति जानता है कि अंतत: सत्य की जीत होती है और इसलिए उसके रास्ते में धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा करने में कोई भी बाधा नहीं आती है। यह नरेन्द्र भाई की अपने राजनीतिक विरोधियों के लगातार हमलों के खिलाफ खामोशी की विशेषता को दर्शाता है। यह एक राजऋषि का लक्षण है। हमारे शास्त्रों के अनुसार धर्म की पुनर्स्थापना से पहले हमेशा ही मंथन हुआ है और इस मंथन से पहली बार नकारात्मकता ही उत्पन्न होती है और ये नकारात्मक शक्तियां सत्य का विरोध करती हैं। अपने दैनिक जीवन में हम इस प्रकार की नकारात्मकता के साक्षी बनते हैं। राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए राष्ट्रीय हितों से भी समझौता किया जाता है। ऐसी परिस्थितियों में गरीबों और राष्ट्र हितों को सर्वोपरि रखने के लिए एक ऐसे व्यक्ति की जरूरत होती है, जिसकी सत्ता में पूर्णत: कोई रुचि न हो और जो भ्रष्टाचार से परे हो। इसलिए यह स्वीकार करना हमारा कर्तव्य है कि भले ही नरेन्द्र भाई ने जो प्रयास किए हैं, हम उन परिणामों का आनंद ले रहे हैं, लेकिन उन्हें उचित चुनावी जनादेश नहीं मिला, मगर वे इससे अप्रभावित हैं और चुपचाप अपना कर्तव्य निभा रहे हैं। मैं बिना किसी हिचकिचाहट के यह कहना चाहती हूं कि अगर आज बापूजी आज जीवित होते, तो वह नरेन्द्र भाई के बहुत बड़े समर्थक होते। बापूजी सबसे पहले वह व्यक्ति होते जो हमें उनके नाम का दुरुपयोग करने वाले बारे में चेतावनी देते और जिन्होंने अपने राजनीतिक लाभ के लिए हमें आपस में बांटने के लिए इसका दुरुपयोग करना अपने जीवन का मिशन बना लिया है। मेरे दादाजी और नरेंद्र भाई के कई आलोचकों को यह जानकर आश्चर्य होगा कि नरेन्द्र भाई ने वास्तव में आधुनिक भारत के विकास एजेंडे में गांधीजी के आदर्शों को एकीकृत करके उन्हें फिर से जीवित किया है। राज्य की नीति के निर्देशक सिद्धांत देश की नीति बन गए हैं। ऐसा करके उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि गांधीजी की विरासत हमारी राष्ट्रीय सोच में प्रबल और निरंतर रूप से समाहित होती रहे। मेरे दादाजी की तरह नरेन्द्र भाई को भी जन आकांक्षाओं की कसौटी पर खरा उतरना होगा। लेकिन जैसा कि भगवान कृष्ण ने अर्जुन को उपदेश दिया था कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अपना कर्म करो और उसका परिणाम सत्य पर छोड़ दो- जिसकी अंतत: विजय होगी। मुझे विश्वास है कि इतिहास अंतत: बापूजी और नरेन्द्र भाई दोनों के साथ न्याय करेगा।

# ज्ञानमती माताजी की कृतियाँ सभी निराली हैं, वो तो तीर्थ बनाती हैं,खुद तीरथ सी प्यारी हैं।

पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी जो कि वर्तमान में जैन जगत में एक सूर्य के समान गगन में दैदीप्यमान हैं। पूज्य माताजी ने चारित्रचक्रवर्ती आचार्यश्री शांतिसागर जी महाराज की अक्षुण्ण परम्परा के प्रथम पट्टाचार्य आचार्य श्री वीरसागर जी महाराज के करकमलों से राजस्थान के माधोराजपुरा (जयपुर) से दीक्षा प्राप्त कर आर्यिका ज्ञानमती को प्राप्त किया एवं नाम के अनुसार सारे विश्व में एक विराट साहित्य की श्रृंखला का सृजन किया, जो कि भूतो न भविष्यति। ऐसी ज्ञानमती माताजी जिन्होंने अपनी आचार्य परम्परा के सभी आचार्यों का दर्शन किया, जो कि बहुत बड़ी बात है। लगभग आज वर्तमान में 1600 साधु-साध्वियाँ विराजमान हैं, उन सबमें सबसे प्राचीन दीक्षित पूज्य ज्ञानमती माताजी हैं, ऐसी माताजी के चरणों में हम सभी शत-शत वंदन करते हैं। आज सारे देश में पूर्णता के नाम पर गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी का नाम लिया जाता है, जिन्होंने एक नहीं, दो नहीं अनेक ग्रंथों का सृजन अपनी लेखनी के द्वारा करके समाज को एक बड़ा उपहार दिया है। पूज्य माताजी की प्रेरणा से तीर्थों का जीर्णोद्धार एवं विकास किया गया है। आइए हम जानें उनके बारे में-

जिनके उर से कल कल बहती गंगा की निर्मल धारा।
त्याग और शुभ ज्ञानमणि से जिनने निज को श्रृंगारा।।

वचनों के मोती बिखरातीं युग की पहली बालसती।
मेरा शत वंदन स्वीकारो, गणिनी माता ज्ञानमती।।

जन्म, वैराग्य और दीक्षा-22 अक्टूबर सन् 1934, शरदपूर्णिमा के दिन टिकैतनगर ग्राम (जि. बाराबंकी, उ.प्र.) के श्रेष्ठी श्री छोटेलाल जैन की धर्मपत्नी श्रीमती मोहिनी देवी के दांपत्य जीवन के प्रथम पुष्प के रूप में ''मैना'' का जन्म परिवार में नवीन खुशियाँ लेकर आया था। माँ को दहेज में प्राप्त 'पद्मनंदिपंचविंशतिका' ग्रन्थ के नियमित स्वाध्याय एवं पूर्वजन्म से प्राप्त दृढ़ वैराग्य संस्कारों के बल पर मात्र 18 वर्ष की अल्प आयु में ही शरद पूर्णिमा के दिन मैना ने आचार्यरत्न श्री देशभूषण जी महाराज से सन् 1952 में आजन्म ब्रह्मचर्यव्रतरूप सप्तम प्रतिमा एवं गृहत्याग के नियमों को धारण कर लिया। उसी दिन से इस कन्या के जीवन में 24 घंटे में एक बार भोजन करने के नियम का भी प्रारंभीकरण हो गया। नारी जीवन की चरमोत्कर्ष अवस्था आर्यिका दीक्षा की कामना को अपनी हर साँस में संजोये ब्र. मैना सन् 1953 में आचार्य श्री देशभूषण जी से ही चैत्र कृष्णा एकम् को श्री महावीरजी अतिशय क्षेत्र में 'क्षुल्लिका वीरमती' के रूप में दीक्षित हो गईं। सन् 1955 में चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज की समाधि के समय कुंथलगिरी पर एक माह तक प्राप्त उनके सान्निध्य एवं आज्ञा द्वारा 'क्षुल्लिका वीरमतीह्' ने आचार्य श्री के प्रथम पट्टाचार्य शिष्य- वीरसागर जी महाराज से सन् 1956 में 'वैशाख कृष्णा दूज' को माधोराजपुरा (जयपुर-राज.) में आर्यिका दीक्षा धारण करके ''आर्यिका ज्ञानमती'' नाम प्राप्त किया। विराट साहित्य का सृजन-भगवान महावीर के पश्चात् 2600 वर्ष के इतिहास में किसी भी साध्वी ने इतने विपुल साहित्य का सृजन नहीं किया। लेकिन दिव्यशक्ति से ओतप्रोत गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी जिन्हें माँ सरस्वती का वरदान प्राप्त है, उन्होंने एक नहीं, दो नहीं लगभग विभिन्न विधाओं में लगभग 500 ग्रंथों का लेखन करके समाज को दे दिया। लेखनी आज भी बंद नहीं है। निरंतर लेखन का कार्य प्रारंभ है। पूज्य माताजी के द्वारा समयसार, नियमसार इत्यादि की हिन्दी-संस्कृत टीकाएँ, जैनभारती, ज्ञानामृत, कातंत्र व्याकरण, त्रिलोक भास्कर, प्रवचन निर्देशिका इत्यादि स्वाध्याय ग्रंथ, प्रतिज्ञा, संस्कार, भक्ति, आदिब्रह्मा, आटे का मुर्गा, जीवनदान इत्यादि जैन उपन्यास, द्रव्यसंग्रह-रत्नकरण्डश्रावकाचार इत्यादि के हिन्दी पद्यानुवाद व अर्थ, बाल विकास, बालभारती, नारी आलोक आदि का अध्ययन किसी को भी वर्तमान में उपलब्ध जैन वाङ्मय की विविध विधाओं का विस्तृत ज्ञान कराने में सक्षम है।

धन्य हैं ऐसी महान प्रतिभावान् सरस्वती माता!

दो बार डी.लिट्. की उपाधि से अलंकृत-किसी महाविद्यालय, विश्वविद्यालय आदि में पारम्परिक डिग्रियों को प्राप्त किये बिना मात्र स्वयं के धार्मिक अध्ययन के बल पर विदुषी माताजी ने अध्ययन, अध्यापन, साहित्य निर्माण की जिन ऊँचाइयों को स्पर्श किया, उस अगाध विद्वत्ता के सम्मान हेतु डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैसजाबाद द्वारा 5 फरवरी 1995 को डी.लिट्. की मानद् उपाधि से पूज्य माताजी को सम्मानित करके स्वयं को गौरवान्वित अनुभव किया गया तथा दिगम्बर जैन साधु-साध्वी परम्परा में पूज्य माताजी यह उपाधि प्राप्त करने वाली प्रथम व्यक्तित्व बन गईं। पुन: इसके उपरांत 8 अप्रैल 2012 को पूज्य माताजी के 57वें आर्यिका दीक्षा दिवस के अवसर पर तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद में विश्वविद्यालय का प्रथम विशेष दीक्षांत समारोह आयोजित करके विश्वविद्यालय द्वारा पूज्य माताजी के करकमलों डी.लिट्. की मानद उपाधि प्रदान की गई। इसी प्रकार से समय-समय पर विभिन्न आचार्यों एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा पूज्य माताजी को न्याय प्रभाकर, आर्यिकारत्न, आर्यिकाशिरोमणि, गणिनीप्रमुख, वात्सल्यमूर्ति, तीर्थोद्धारिका, युगप्रवर्तिका, चारित्रचन्द्रिका, राष्ट्रगौरव, वाग्देवी इत्यादि अनेक उपाधियों से अलंकृत किया गया है, किन्तु पूज्य माताजी इन सभी उपाधियों से निस्पृह होकर अपनी आत्मसाधना को प्रमुखता देते हुए निर्दोष आर्यिका चर्या में निमग्न रहने का ही अपना मुख्य लक्ष्य रखती हैं। पूज्य माताजी की प्रेरणा से विकसित तीर्थ-पूज्य माताजी की पावन प्रेरणा एवं आशीर्वाद से विकसित अनेक तीर्थ हैं। जिनमें तीर्थंकर भगवन्तों की कल्याणक भूमियाँ मुख्य हैं और संतों के विषय में यह कहावत भी कही गई है-

जहाँ पड़े चरण संतों के वह रज चंदन बन जाती है।
कल कल करती कालिन्दी मरुस्थल में बह जाती है।।

सर्वप्रथम चरण में हस्तिनापुर, जो कि दिल्ली के निकट में है। मेरठ जिले में स्थित है। हस्तिनापुर तीर्थ पर जबसे माताजी के चरण पड़े, उसकी काया ही पलट गई एवं अनेक राजनेताओं का आवागमन एवं माताजी जैसी दिव्यशक्ति का आगमन जैसे तीर्थ के लिए वरदान बन गया और दिन दूनी रात चौगुनी तीर्थ प्रगति को प्राप्त होने लग गया। विश्व की अद्वितीय रचना जम्बूद्वीप का निर्माण एवं स्वर्णिम तेरहद्वीप रचना का निर्माण व अद्वितीय तीनलोक रचना का निर्माण प्रथम बार हस्तिनापुर में हुआ एवं तीर्थंकर



शांति-कुंथु-अरहनाथ की 31-31 फुट ऊँची प्रतिमा विराजमान की गई एवं अनेक विकास के कार्य यहाँ पर किये गये। प्रयाग तीर्थ जो कि प्राचीनता को प्राप्त है। जैन आगम अनुसार वर्तमान चौबीसी के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव ने सर्वप्रथम यहीं प्रयाग तीर्थ पर जैनेश्वरी दीक्षा ग्रहण की थी एवं भगवान ने इसी पुण्य भूमि पर किया। यहीं पर भगवान ऋषभदेव का प्रथम समवसरण भी आया था एवं प्रयाग में भगवान ऋषभदेव की तपस्थली का निर्माण कार्य किया गया, जिसमें मुख्यरूप से वैसलाशपर्वत की रचना की गई, जिसमें त्रिकाल चौबीसी विराजमान की गई एवं वटवृक्ष के नीचे भगवान ऋषभदेव की ध्यानस्थ प्रतिमा को विराजमान किया गया एवं भगवान ऋषभदेव समवसरण जिनालय का निर्माण किया गया। आज इलाहाबाद के प्रमुख पर्यटन क्षेत्रों में इसकी गिनती होती है एवं इलाहाबाद एवं सारे देश से यात्रियों का तांता लगा रहता है। नंद्यावर्त महल तीर्थ, कुण्डलपुर जो कि जैनधर्म के 24वें तीर्थंकर एवं वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर की जन्मभूमि है। पूज्य माताजी की दृष्टि इस ओर गई कि यहाँ पर 1100 वर्ष पुराना प्राचीन मंदिर तीर्थ पर स्थित है, लेकिन तीर्थ का विकास शून्य है। माताजी ने तीर्थ पर चरण रखे एवं उस दिन से इस तीर्थ की कीर्ति सारे देश के अंदर दिग्दिगंत हो गई। आज आने वाले प्रत्येक यात्री को कुण्डलपुर स्वर्ग की तरह प्रतीत होता है। कुण्डलपुर तीर्थ पर नंद्यावर्त महल बनाकर भगवान के जीवन से संबंधित विभिन्न पहलुओं को दर्शाया गया है एवं बीचोंबीच भगवान महावीर का विशाल जिनालय निर्मित किया गया है, जिसमें भगवान की श्वेतवर्णी अवगाहना प्रमाण प्रतिमा को विराजमान किया गया है। वहीं दूसरी ओर त्रिकाल चौबीसी के 72 भगवन्तों का विशाल जिनालय निर्मित किया गया है। गगनचुंबी तीन शिखर से निर्मित यह तीर्थ अपनी छठा पूरे नालंदा जिले में बिखेरे हुए है। यहाँ आने वाला प्रत्येक नागरिक सुखद अनुभूति को लेकर लौटता है। नालंदा ही नहीं अपितु बिहार के प्रमुख पर्यटन को बढ़ावा देता है नंद्यावर्त महल तीर्थ। यहाँ पर यात्रियों के ठहरने के लिए 40 कमरे एवं सुन्दर भोजनशाला निर्मित है। तीर्थ विकास के क्रम में अयोध्या में पाँच तीर्थंकर भगवन्तों ने जन्म लिया उन सब जन्मस्थानों पर विशाल जिनालयों का निर्माण पूज्य माताजी की प्रेरणा से करवाया जा चुका है जिसमें मुख्यरूप से भगवान ऋषभदेव, भगवान अजितनाथ, भगवान अभिनंदननाथ, भगवान अनंतनाथ एवं भगवान सुमतिनाथ हैं। इसके अतिरिक्त काकंदी (गोरखपुर) उ.प्र. में भगवान पुष्पदंतनाथ के जन्मस्थान में विशाल मंदिर निर्माण एवं भगवान पुष्पदंतनाथ की विशाल पद्मासन प्रतिमा को विराजमान किया जा चुका है। इसी क्रम में राजस्थान में श्री महावीर जी, माधोराजपुरा में पारिजात वृक्ष एवं गणिनी आर्यिका ज्ञानमती दीक्षा तीर्थ, जृम्भिका तीर्थ जमुई ग्राम (बिहार) में भगवान महावीर की केवलज्ञानभूमि पर विशाल प्रतिमा का निर्माण खुले स्थान पर किया गया है, जो कि मेनरोड से दर्शन होता है। सनावद (म.प्र.) में णमोकार धाम तीर्थ का निर्माण, पावापुरी, राजगृही, गुणावां जी एवं सम्मेदशिखर तीर्थों पर भगवन्तों की विशाल प्रतिमा से समन्वित विशाल जिनमंदिर का निर्माण किया गया है। विश्व प्रसिद्ध स्थान शिर्डी (महा.) में निर्मित कमल मंदिर में भगवान पार्श्वनाथ की विशाल पद्मासन प्रतिमा विराजमान की गई एवं तीर्थ सुन्दर तीर्थ विकसित किया गया। विश्व में सबसे अद्भुत 108 फुट भगवान ऋषभदेव मूर्ति निर्माण की प्रेरणा पूज्य माताजी के द्वारा सन् 1996 में प्रदान की गई थी, जो कि अपने आप में एक चुनौती पूर्ण कार्य था। लेकिन पूज्य माताजी की दिव्यशक्ति ने उस कार्य को भी गति प्रदान करते हुए पूर्ण कर दिया। जो कि आज विश्व के पटल पर स्थापित हो गई है, जिसका महापंचकल्याणक दिनांक 11 से 17 फरवरी 2016 तक व महामस्तकाभिषेक वृहद् स्तर पर सम्पन्न हो चुका है जिस महापंचकल्याणक में 125 दिगम्बर जैन संतों ने अपनी उपस्थिति एवं सान्निध्य प्रदान किया एवं लाखों लोगों ने सम्मिलित होकर अपने आपको धन्य किया। इसी क्रम में 6 मार्च 2016 को दिगम्बर जैन समाज की सबसे ऊँची प्रतिमा गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कर ली है। इसका सर्टिफिकेट समिति 6 मार्च को लंदन के ऑफिस से आकर कार्यकर्ताओं ने प्रदान किया। इसी उपलक्ष्य में संस्कृति युवा संस्थान के तत्त्वावधान में ब्रिटिश पार्लियामेंट लंदन द्वारा 2 जुलाई को पूज्य गणिनी श्री ज्ञानमती माताजी को भारत गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। यह जैन समाज के लिए अत्यन्त ही गौरव की बात है। इसी क्रम में पूज्य माताजी के चरण राजधानी दिल्ली की ओर चल पड़े, जहाँ पर भगवान ऋषभदेव के ज्येष्ठ पुत्र चक्रवर्ती भगवान भरत ज्ञानस्थली तीर्थ का निर्माण किया गया, जिस पर भगवान भरत स्वामी की 31 फुट उत्तुंग प्रतिमा विराजमान की गई। जिसका पंचकल्याणक 16 जून से 20 जून 2021 तक हर्षोल्लासपूर्वक सम्पन्न किया गया। चक्रवर्ती भगवान भरत के नाम पर ही इस देश का नाम भारत पड़ा। क्योंकि आज वर्तमान में भारत देश के इतिहास में भगवान ऋषभदेव के पुत्र भरत का वर्णन अनेक ग्रंथों में सनातन एवं जैन ग्रंथों में प्राप्त होता है। पूज्य माताजी की प्रेरणा से नई दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित क्षेत्र में इस तीर्थ का निर्माण किया गया है। जो कि एक ऐतिहासिक कार्य है। तीर्थ निर्माण के पश्चात् देश के रक्षामंत्री श्री राजनाथ सिंह जी एवं अन्य केन्द्रीय मंत्री पूज्य माताजी के दर्शनों के लिए यहाँ पर पधारे। इस तीर्थ पर विराजमान प्रतिमा सारे देश के लिए सुख-शांति एवं समृद्धि का संदेश प्रचारित एवं प्रसारित कर रही है। इसी के साथ मांगीतुंगी की विश्व की सबसे बड़ी अखण्ड पाषाण में बनने वाली प्रतिमा का 15 जून से 10 जुलाई 2022 तक 6 वर्षीय प्रथम महामस्तकाभिषेक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्पन्न किया गया, जो कि अपने आप में एक अद्भुत कार्य था, जिसमें देश और विदेश के लोगों ने भाग लेकर महामस्तकाभिषेक की खूब सराहना एवं पुण्योपार्जन किया। पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी का समस्त दिगम्बर जैन समाजो ने बड़े रूप में अभिनंदन समारोह मनाया, जिसमें मुख्य रूप से आजाद मैदान-मुम्बई में, सूरत में नासिक में, लखनऊ में, इंदौर में आदि बड़े-बड़े स्थानों पर पूज्य माताजी का अभिनंदन समारोह मनाया गया। लखनऊ प्रवेश का भव्य नजारा जो देखते ही बनता था, लखनऊ जैन समाज ने 8-10 प्रकार के बैण्ड एवं इतनी पुष्प वृष्टि की कि जिधर माताजी जाती थीं, पुष्प ही पुष्प दिखते थे। यह एक अद्भुत नजारा था। अयोध्या में भगवान सुमतिनाथ का पंचकल्याणक आदि अनेक कार्यक्रम पूज्य माताजी की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न किये गये, जिसमें पूज्य ज्ञानमती माताजी की जन्मभूमि टिकैसतनगर में ऐतिहासिक चातुर्मास का जिक्र न किया जाये, तो यह यात्रा अधूरी रह जायेगी, ऐसी विशाल व्यक्तित्व के धनी पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी।

तव चरणों में झुके हैं सारे-इसी क्रम में पूज्य माताजी के पास प्रारंभ से ही अनेक राजनेताओं का आना-जाना रहा है, जिसमें मुख्यरूप से राष्ट्रपति श्री रामनाथ जी कोविन्द, ए.पी. अब्दुल कलाम, श्रीमती प्रतिभा देवी सिंह पाटील एवं डॉ. शंकर दयाल शर्मा, प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी, श्री राजीव गांधी, श्री नरसिम्हा राव, श्री अटल बिहारी वाजपेयी एवं अनेक प्रदेशों के राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं अन्य नेताओं ने पूज्य माताजी की विशेष चर्या एवं अद्भुत कार्यकलापों को देखकर प्रभावित हुए एवं पूज्य माताजी की चरण रज को प्राप्त करने के लिए अनेक स्थानों पर आकर दर्शन कर एवं उनका आशीर्वाद प्राप्त कर अपने को धन्य माना।

जहाँ शरदपूर्णिमा का चंदा अमृत बिखेरता है, उसी अमृतकण के रूप में चंदा से पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी हमें प्राप्त हुई हैं, जिनकी विशेष छठा सारे देश को लाभान्वित कर रही है। आज जिस तरफ भी पूज्य माताजी के चरण पड़ जाते हैं, उनके साथ-साथ हजारों, लाखों चरण चल पड़ते हैं। ऐसी पूज्य माताजी जो कि दीर्घकालीन तपस्या के द्वारा अपने आपको तीर्थ बना लिया है, उनका दर्शन, उनका पूजन सभी के लिए लाभकारी है और हम सभी की यही मंगल कामना है कि माताजी दीर्घकाल तक इसी प्रकार से सारे विश्व को आलोकित करती रहें। तुम जिओ हजारों साल, साल के दिन हो पचास हजार। इन्हीं कामनाओं के साथ पूज्य माताजी के चरणों में वंदामि।

-विजय कुमार जैन (महामंत्री- तीर्थंकर ऋषभदेव जैन विद्वत् महासंघ) जम्बूद्वीप-हस्तिनापुर

# जब परमार्थ में अपनी बुद्धि को नियोजित करते हैं तभी जीवन को बेहतरीन साबित करने में समर्थ हो पाते हैं : मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज



**इंदौर (विश्व परिवार)।** दुनियादारी गोरख धंधे, पाप प्रसंगों में तो हम सदियों से लगे है, उनसे हटकर जब परमार्थ में अपनी बुद्धी को नियोजित करते है तभी जीवन को बेहतरीन साबित करने में समर्थ हो पाते है उपरोक्त उद्गार मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज ने मोहताभवन रैसकोर्स रोड़ पर प्रात:कालीन धर्म सभा में मानतुंगाचार्य द्वारा रचित भक्ताम्वर महाकाव्य की विवेचना करते हुये व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि भगवान का नाम लैना भी इतना सरल नहीं है, अच्छे अच्छे लोगों से भी नाम नहीं लिया जाता एक बुजुर्ग सज्जन गुरुदेव के पास आऐ तो गुरुदेव ने उनसे कहा कि भगवान का नाम लो उनको एक बार नहीं बल्कि गुरुदेव ने तीन बार यह बात दौहराई तो वह बुजुर्ग सज्जन चीखते चिल्लाते हुये बोले कि बोलना नहीं आता आचार्य श्री ने उसे सम्बोधित करते हुये कहा कि विरले भाग्यशाली लोग होते है जिनको भगवान से अनुराग होता है और अंत समय तक नाम ले पाते है, उन्होंने कहा कि भगवान का नाम ही नहीं उनके आचरण कोभी छुओ? राम मतलब हर काम में प्रभु का नाम हर व्यक्ति चाहता है कि अंत समय में ही भगवान का नाम आ जाऐ लेकिन कितना भी प्रयास कर लो इधर उधर की बातेंतो आऐंगी लेकिन प्रभु का नाम जुबान से नहीं निकलता। उन्होंने दृष्टांत सुनाते हुये कहा एक सेठजी थे बीमार पड़े तो उनके बेटे उसकी सेबा में हाजिर थे सेठजी को जब होश आया तो बच्चे ने कहा पापा आप चिंता न करें? व्यापार धंधा तो सब सम्हल जाऐगा आप तो सिर्फ भगवान का नाम लो.. भगवान का नाम लेते ही सेठजी को भगवान दास पंडित याद आ गये और बोले कि उनसे चालीस हजार रुपया लेना है तथा उनसे छै माह से ब्याज भी नहीं लिया बेटे ने कहा कि पापा आप क्यू चिंता करते- हो आप तो राम का नाम लो तो उनको रामभरोसे चौबे दिखे और कहा उनसे भी रुपया लैना है.. तो मुनि श्री ने कहा कि ऐसे लोगों का क्या हो सकताहै? जिन लोगों को धर्म का अभ्यास होता है उन्ही को अंत समय में भगवान का नाम और राम का नाम सुहाता हैं उन्होंने कहा कि हमारा समग्र जीवन पाप पंख में डूबा हुआ है, यदि कर्म काटने के लिये पाप से बचना चाहते हो तो पाप को छोड़िये और अपनी दिशा को सुनिश्चित कीजिये। उन्होंने एक संत की कथा सुनाते हुऐ कहा कि बह अपने घोड़े पर सबार होकर कंही जा रहे थे तो रास्ते में उनको एक ठग मिल गया उसने उनसे लिफ्ट मांगी और उनके साथ घोड़ै पर बैठ गया थोड़ा सा आगे बड़ने पर ठग ने संत से कहा कि बाबाजी आप घोड़े का क्या करोगे? इसे हमें दे दो हमारे काम आ जाऐगा तो संत ने कहा कि ठीक है आप दो घंटे तक राम का नाम लोगे तो यह घोड़ा में आपको दे दूंगा शर्त यह है कि कोई और दूसरा नाम नहीं लैना है उसने कहा ठीक है थोडी देर आगे बड़ा कि उसके दिमाग में फितूर घुस गया कि घोड़े के साथ यह संत लगाम देगा कि नही और यह फितूर मन ही मन चलता रहा और जब उसे चैन नहीं पड़ा तो उसने संत से पूंछ ही लिया कि बाबाजी घोड़ा के साथ लगाम दोगे या नहीं बाबा ने कहा कि अब न घोड़ा मिलेगा न लगाम तुमने शर्त को तोड़ा है। मुनि श्री ने भक्ताम्वर स्त्रोत्र के सातवे तथा आठवे काव्य को सुनाते हुये कहा कि प्रभु के नाम स्मरण मात्र से अच्छे अच्छे पापी और दुष्ट प्राणियों के पाप नष्ट हो जाते है, उन्होंने जैन दर्शन की महिमा सुनाते हुये कहा भक्ती का मूल लक्ष्य ही बंदे तद् गुण लब्धे अर्थात प्रभु जो गुण आपके पास है वह मुझमें समाहित हो जाऐं, आत्मा ही परमात्मा है कोई भी दर्शन यह नहीं कहता कि मेरे पास आओगे तो तुम मुझ जैसे बन जाओगे लेकिन जैन दर्शन ही संसार में एक ऐसा दर्शन है जो प्रत्येक आत्मा को परमात्मा के रुप में स्वीकार करता है हम तो कहते है कि आओ और उन गुणों को स्वीकार कर लो आप भी मेरे समान मुनिराज बन जाओगे। **-अविनाश जैन**

# युद्ध की विभीषिका में भी भगवान महावीर के सिद्धांत उपयोगी : कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी

**नगर वासी सन्तोष सर के पिता श्री की होगी गोदभराई**

## हथकरघा आचार्य श्री की स्वदेशी सोच का परिचायक- जिप सीईओ डॉ. नेहा जैन



**अशोक नगर (विश्व परिवार)।** भगवान श्री महावीर स्वामी के सिद्धांतों को आज भी उतना ही सार्थक माना जा रहा है जितना 2500 वर्ष पहले हुआ करतें थे जो बात जगत के सामने चिंतन मनन से निकल कर आती है वह किसी एक के लिए नहीं होती सारी दुनिया के लिए होती हैं राजपाठ का त्याग कर महावीर स्वामी ने त्याग तपस्या का मार्ग चुना और उनकी तपस्या दिनों दिन कठिन होती गई तव एक नवनीत निकलकर आया जिन्हें हम सत्य अहिंसा अपरिग्रह के रूप में देखते हैं दुनिया आज युद्ध की विभीषिका झेल रही है इन दिनों दुनिया में सैकड़ों वच्चे अनाथ हो रहे हैं छोटे से भूभाग के लिए मध्य पूर्व में युद्ध छिड़ा है महावीर स्वामी के सिद्धांतों का इन सब समास्याओं से सीधा समाधान निकाला है उक्त आश्य केउद्गार अशोक नगर कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने गंज मन्दिर में व्यक्त किए।

इसके पहले जैन समाज द्वारा कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ज़िप सीईओ डॉ. नेहा जैन का अध्यक्ष राकेश कासंल मंत्री विजय धुर्रा संयोजक उमेश सिघई थूवोनजी महामंत्री विपिन सिंघई सहित अन्य प्रमुख जनो ने पीत पट्टिका स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

**कल होगी नगर गौरव भइया जी की गोद भराई :** इस दौरान मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि हमारे नगर में शिक्षा विद रहे सन्तोष सर के पूज्य पिता श्री ब्रह्मप्रकाश जी भइया जी एवं ब्रह्मचारी प्रकाश भइया जी की भव्य जैनेश्वरी दीक्षा सुगाह नगरी फीरोजाबाद में राष्ट्रसंत आचार्य श्री विद्यानंद जी महाराज के परम शिष्य अभीक्ष्य ज्ञानोपयोगी आचार्य श्री वसुनंदी जी महाराज के कर कमलों से होने जा रही है इसमें हम सभी की सहभागिता हो जैन पंचायत के मंत्री शैलेन्द्र श्रागर ने कहा कि हम सब कल हमारे नगर की तरह आदरणीय भ इया जी की गोद भराई के कार्यक्रम को आप सभी की उपस्थिति में भव्य रूप से कल चार अक्टूबर को सुबह नो वजे गंज मन्दिर में भक्ति भाव के साथ गोदभराई की राश्म विभिन्न कार्यक्रम के साथ सम्पन्न करेंगे।

**जिला जेल में हथकरघा जैन समाज संचालित हो :** जिला पंचायत सी ई ओ डां नेहा जैन कहा कि इतने सारे युवा मन्दिर के वस्त्र धोती दुपट्टा धरण कर भगवान के कलश कर रहे हैं उसी समय कलेक्टर सर के साथ आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ ये देखकर बहुत खुशी हो रही है आधुनिकता के इस दौर में भी इतनी रुचि हमें अपने संस्कारो की ओर ले जाती है सर के साथ हथकरघा भी देखा बहुत अच्छा लगा इस तरह का संस्थान जैन समाज द्वारा संचालित किया जा रहा है आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने ऐसी परिकल्पना की जो लोगों को भारतीय बनाकर रोजगार से भी जोड़ रही है हम सब भी इस क्षेत्र में आपकी मदद करने को तैयार हैं कलेक्टर सर का मन है कि आप एक हथकरघा ईकाई जिला जेल में स्थानांतरित करे हम सब उसमें आपके सहयोगी बनेंगे इस दौरान समाज के अध्यक्ष राकेश कासंल ने कहा कि समाज हथकरघा के माध्यम से लोगों को रोजगार उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बन रहा है थूवोनजी कमेटी के महामंत्री विपिन सिंघई ने कहा कि आचार्य भगवंत की परिकल्पना को जैन समाज हथकरघा पाठशाला गौशाला सभी क्षेत्रों में काम कर रहा है इस दौरान जैन समाज के मिडिल प्रमुख अरविंद जैन एडीटर संजय के टी जैन मिलन के राष्ट्रीय सचिव नरेश जैन गोशाला के कोषाध्यक्ष निर्मल मिर्ची सहित अन्य प्रमुख जन उपस्थित थे। **-विजय धुर्रा**

# संक्षिप्त समाचार

## डॉ. नरेन्द्रकुमार जैन श्रुतान्वयी उपाधि के साथ आचार्य जयकीर्ति पुरस्कार से हुए पुरस्कृत




**फिरोजाबाद (विश्व परिवार)।** श्री छदामीलाल दिगम्बर जैन मंदिर, फिरोजाबाद (उप्र) में अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान (पंजी) के स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संस्थान के राष्ट्रीय अधिवेशन एवं रजत जयंती महोत्सव में परम पूज्य अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज, ससंघ के सान्निध्य में रविवार 29 सितम्बर, 2024 को देश के मूर्धन्य मनीषी डॉ. नरेन्द्र कुमार जी जैन टीकमगढ़ को आचार्य श्री जयकीर्ति पुरस्कार से भव्य समारोह पूर्वक सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ नरेन्द्र कुमार जी जैन की श्रुतसेवा, लेखन, संपादन आदि के उपलक्ष्य में उन्हें श्रुतान्वयी उपाधि से भी विभूषित किया गया। आचार्य श्री वसुनंदी जी महाराज ने उन्हें आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि धर्म और संस्कृति के सरंक्षण में विद्वानों की महती भूमिका होती है। आज प्रसन्नता है कि एक सरस्वती पुत्र को यह सम्मान धर्मनगरी फिरोजाबाद में प्रदान किया गया है, भविष्य में ये इसी तरह श्रुतसेवा के साथ समाज को दिशा निर्देश देते रहें। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री सम्भव प्रकाश जैन, महामंत्री श्री अजय कुमार जैन, कोषाध्यक्ष श्री सुरेन्द्र कुमार जैन, स्वागताध्यक्ष श्री ललित जैन, संयोजक श्री मुकेश जैन, पंडित मनोज शास्त्री आदि महानुभावों ने तिलक, माल्यार्पण, शाल आदि से सत्कार किया तथा अभिनन्दन प्रतीक समर्पित किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में गणमान्य अतिथि, श्रेष्ठि, संस्था के पदाधिकारीगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। **-डॉ. सुनील जैन संचय**

## मां बेटे ने कब्जा नहीं दिलाए जाने पर तहसील ऑफिस के सामने आमरण अनशन पर बैठे



**राजिम (विश्व परिवार)।** 2 अक्टूबर गांधी जयंती बुधवार को राजिम तहसील कार्यालय में फिंगेश्वर की रहने वाली कमला ठाकुर एवं उनके बेटे योगेश सिंह ठाकुर जमीन में दरी बिछाकर आमरण अनशन में बैठ गए। यह आमरण अनशन मकान का कब्जा देने का आदेश पारित होने के बाद भी कब्जा नहीं दिलाए जाने के विरोध में किया जा रहा है। 2 अक्टूबर गांधी जयंती को छुट्टी का दिन होने के बावजूद इस आमरण अनशन को लेकर फिंगेश्वर के नायब तहसीलदार डिंपल ध्रुव और राजिम के तहसीलदार खोमन ध्रुव आमरण अनशन स्थल में पहुंचकर अनशनकारियों को मनाने का प्रयास किया लेकिन सारे प्रयास जब विफल होते दिखा तो उन्होंने दोपहर ढाई बजे राजिम के सरकारी अस्पताल ले जाकर कमला ठाकुर का चेकअप कराया जिसमें उन्हें कमजोर बताया गया। अस्पताल से सीधे थाना ले गए। थाने में भी काफी समझाया गया लेकिन बात नहीं बनी। बात नहीं बनने पर थाने से इन्हें छोड़ दिया गया। दोनो मां-बेटा फिर से गांधीवादी तरीके से तहसील कार्यालय के सामने आकर दरी में बैठ गए हैं। समाचार लिखे जाने तक दोनों नायब तहसीलदार एवं राजिम टीआई मौके पर मौजूद थे और आमरण अनशन से उठने के लिए मां-बेटा को समझा रहे थे। इस संबंध में योगेश सिंह ठाकुर ने बताया कि जिस मकान को कब्जा देने के लिए एसडीएम ने आदेश पारित किया है। उसका कब्जा दिलाने के लिए जिम्मेदार अधिकारी तारीख नहीं बता रहे हैं। वे तारीख बता देंगे तो वे अपना आमरण अनशन समाप्त कर घर चले जाएंगे। 14 जून 2024 को मकान का ताला खोलकर कब्जा देने, आदेश पारित किया गया है। पीड़ितों ने कहा कि उन्हें न्याय नहीं मिला जिसकी वजह से उन्हें गांधी जयंती के दिन ?ही आमरण-अनशन पर बैठना पड़ा। शक्ति व भक्ति का पर्व नवरात्रि पर्व पर उन्हें न्याय मिलने की पूरी उम्मीद है।

# अहिंसा धर्म श्रेष्ठ धर्म है : चर्या शिरोमणी आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज



**नांदणी (विश्व परिवार)।** चर्या शिरोमणी आचार्य विशुद्ध सागर महाराज जी ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा की जिसका चित्त मंगलभूत अहिंसा धर्ममें लगा है, वह मनुष्य धरती पर श्रेष्ठ है। अहिंसा धर्म श्रेष्ठ धर्म है। अहिंसा से बढ़कर अन्य कोई धर्म नहीं है। सत्य, अचौर्य, अपरिग्रह, करुणा, दया, संयम, तप, त्याग, ब्रह्मचर्य, आदि धर्म अहिंसा के ही अंग हैं। अहिंसा से बढ़कर अन्य कोई श्रेष्ठ धर्म नहीं है। कोटि-कोटि यज्ञ से अधिक अहिंसा श्रेष्ठ है। किसी एक जीव के प्राणों की रक्षा करना अहिंसा, अर्थात किसी भी जीव को पीड़ित नहीं करना और उसके प्राणों की रक्षा करना अहिंसा है।

आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी गुरुदेव ने कहा कि सुनना प्रारंभ कर लिया तो झगड़े नहीं होंगे। पूरा देखो और सुनो फिर बोध होगा हम लड़ कहां रहे। विश्व में शांति और अहिंसा चाहते हो तो एक दूसरे को सुनना सिखाओ, एक दूसरे को सुनना सीखो।

भगवान तीर्थंकरों ने अनेकांत दृष्टि की व्याख्या की है। इसे अपनी बुद्धि में लाओ। विश्व में जब भी शांति होगी मिसाइलों से नहीं अहिंसा से होगी। अधिकार का अनाधिकृत प्रयोग मत करो जो ऐसा करता है वहां ही हिंसा भड़कना प्रारंभ हो जाती है।

आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज जी ने कहा कि दूसरों का सुनना ही नहीं सीखो बल्कि सुनने का इंतजार भी करो। सुनने का इंतजार नहीं करने वालों ने घर, देश, धर्म का नाश कर दिया। पूरी बात सुनो, जो पुरुष सुना भी नहीं और सुनना भी नहीं चाहता ऐसा व्यक्ति ना परिवार का, समाज का, देश का और ना विश्व का भला करने वाला है।

जो कहा जा चुका है उस संदर्भ का पता करना चाहिए। जो कह रहे हैं उसे सुन लेना चाहिए और क्या कहने वाले हैं इसका इंतजार करना चाहिए। कुछ दिन पहले देश में ट्रेनों में आग लगाई गई। पूरा सुन नहीं पाए, पूरा समझ नहीं पाए इसके पहले आग लगा दी। लड़ने से पहले पूरी बात सुन लेना समझ लेना चाहिए।

आचार्य श्री ने कहा कि घर में पानी भर रहा है आप पानी फेंकते हो, लगातार ऐसा करते हो। आप यह क्यों नहीं सोचते पानी आ कहां से रहा। छेद बंद करने क्यों नहीं जाते। दिन भर पोछा लगाते रहो फिर भी पानी नहीं रुकेगा। बोध होना चाहिए कि श्रोत कहां है। ऐसे ही अहिंसा का प्रचार ऐसे नहीं हो सकता, जिसके मन में अहिंसा नहीं आ पा रही है वह तन की अहिंसा क्या मिटाएगा। आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज ने कहा कि जो दूसरों से छल करते हैं और दूसरों को गिराने के लिए गड्ढा खोदते हैं वे एक दिन स्वयं ही उस गड्ढे में गिर जाते हैं। यदि तुम शांति चाहते हो तो दूसरों को भी शांति से जीने दो। आप दूसरों से सम्मान चाहते हो तो सभी का सम्मान करो। गगन सी ऊंचाइयां चाहिए, तो नम्रता सीखो। जैसे परिणाम करोगे, वैसा ही भविष्य में पर्याय प्राप्त होगी। पापों से बचो, पुण्य कार्य करो। शांति से जियो, दुनिया को शांति से जीने दो। **-अभिषेक अशोक पाटील**

# 6 अक्टूबर को संत-समागम विश्वमैत्री महोत्सव का भव्य आयोजन भारत-गौरव देवेन्द्र ब्रह्मचारी जी के मार्गदर्शन में



**मुंबई (विश्व परिवार)।** राज्यपाल और मुख्यमंत्री सहित अनेकों साधु संतों एवं हज़ारों भक्तजनो के साथ वरिष्ठ राजनेता, सिने कलाकार, शिक्षा व साहित्य एवं उद्योग जगत के प्रसिद्ध व्यक्तित्व कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। यह कार्यक्रम महावीरयातन फ़ाउंडेशन के संस्थापक भारत गौरव श्रद्धेय श्री देवेन्द्र ब्रह्मचारी जी के पावन दिशा निर्देशन में 24वे तीर्थंकर भगवान महावीर के पदचिन्हों पर चलने वाले संतों का समागम और विश्वमैत्री महोत्सव का भव्यति-भव्य, मुंबई के बिरला मातोश्री सभागृह में 6अक्टूबर रविवार दोपहर 2:00 बजे आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मार्गदर्शक श्रद्धेय श्री देवेन्द्र ब्रह्मचारी जी ने बताया कि इस आयोजन में मुंबई महानगर में विराजमान सम्पूर्ण जैन समाज-दिगम्बर, श्वेताम्बर ,तेरापंथी, स्थानकवासी साधु-संतों का समागम एक ही मंच में होगा और विश्व-शांति के लिए जैन-धर्म की भूमिका पर गहन विचारों की प्रस्तुति होगी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केरल के राज्यपाल महामहिम श्री आरिफ मोहम्मद खान और विशिष्ठ अतिथि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे , केंद्रीय मंत्री श्री रामदास अठावले , विधानसभा अध्यक्ष श्री राहुल नार्वेकर के महाराष्ट्र सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री मंगल प्रभात लोढ़ा जी, राज्यसभा के सांसद श्री मिलिंद देवड़ा जी, साथ ही प्रसिद्ध राजनेता, उद्योगपति , समाजसेवी, अभिनेताओं की गरिमामय उपस्थिति होगी ।साथ ही विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े कर्मठ एवम महत्वपूर्ण हस्तियों का विशिष्ठ-सम्मान किया जायेगा।

# झाँसी नगर में भव्य जैनेश्वरी दीक्षा 11 अक्टूबर को, दीक्षार्थी श्री मुकेश भैया जी की गोद भराई सम्पन्न



**झाँसी (विश्व परिवार)।** नगर में वर्षायोग कर रहे आचार्य श्री विशद सागर जी महाराज ससंघ (6 पिछी) के संघस्थ ब्रह्मचारी श्री मुकेश भैया जी (दिल्ली) की दीक्षा 11 अक्टूबर 2024 को आचार्य श्री विशद सागर जी महराज के कर कमलों से दीनदयाल सभागार झाँसी में होना है। भैया जी के पुण्य की अनुमोदना करने एवं उनके सम्मान में भैया जी की गोद भराई का आगाज श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर दीनदयालनगर झाँसी से हुआ।

भैया जी के दीनदयालनगर जैन मंदिर जी पहुँचने पर दीनदयालनगर जैन समाज के साथ साथ नगरा, कैलाश रेजिडेन्सी एवं झाँसी जैन समाज के कई साधर्मी बंधुओं ने भैया जी की आगवानी की। महिला मंडल द्वारा चौक पूर कर तैयार किये गये मंच पर भैया जी विराजमान हुये। कार्यक्रम का प्रारम्भ णमोकर मंत्र के सामूहिक पाठ से हुआ।

सर्वप्रथम मुकुट एवं हार पहनाकर भैया जी का सम्मान किया गया। सिंघई नवीन बाबू जैन ने भैया जी का परिचय देते हुए बताया कि भैया जी शंकरगढ़ दिल्ली के रहने वाले हैं और लगभग 5 वर्षों से आचार्य श्री के साथ हैं। वैराग्य के बीज तो इनके अंतस में बहुत पहले से ही थे जो आज अंकुरित हो रहे हैं। तत्पश्चात दीक्षार्थी मुकेश भैया जी ने वैराग्य के बारे अपने संस्मरण साझा किये। दीक्षा कार्यक्रम के संयोजक श्री विनोद जी ठेकेदार ने अपने उद्बोधन में पूरे दीक्षा कार्यक्रम को भव्यतापूर्वक कराने की आश्वाशन दिया। श्री संजय जी कर्नल ने सभी से सहभागिता निभाने का आह्वान किया। इंजी. विमल जी ने कहा की ये झाँसी नगर का सौभाग्य है कि मुनि दीक्षा का साक्षी बनने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। श्री प्रमोद जी वैरायटी एवं श्री राजेश जी ने भैया जी के वैराग्य की प्रशंसा करते हुए निरंतर आगे बढ़ते रहने की कामना की, श्रीमती महिमा जी ने अपने उद्बोधन में भैया जी की दीक्षा की अनुमोदना करते हुए कहा कि मोक्ष का मार्ग उन्हें कठिन नहीं लगता है जिन्हें मोक्ष से प्रेम होता है। भैया जी आँखों की चमक उनकी अंतरंग की प्रसन्नता व्यक्त कर रही है। ब्रह्मचारी श्री पारस भैया जी ने सभी को दीक्षा कार्यक्रम में उपस्थित रहने का नियम दिलाकर पंचम काल का महान आश्चर्य दीक्षा की महिमा पर प्रकाश डाला। इसके बाद सभी ने भैया जी की गोद भराई कर स्वयं को धन्य माना।

कार्यक्रम का संचालन सिंघई नवीन बाबू जैन ने किया। उपस्थित महानुभवों का सम्मान सी पी जैन एवं प्रदीप जी द्वारा किया गया एवं आभार श्री ऋषभ जी ने व्यक्त किया।

कार्यक्रम में श्री प्रवीण जी उरई, श्री प्रवीण जी इटावा, श्री राजीव जी, श्री राजेश जी रेलवे, श्री सौरभ जी, श्री अनिल जी, डा. सचिन जी वैद्यनाथ, श्री दिनेश जी वक्सा वाले, श्री निर्मल जी, श्रीआशीष जी नगरा, श्री अशोक जी नगरा, श्री महेन्द्र जी रेलवे, श्री नवीन जी नगरा, श्री शिवम् जी, श्रीमती अनीता, श्रीमती किमी, श्रीमती नम्रता, अनुप्रेक्षा, श्रीमती आशा, श्रीमती ममता, श्रीमती निशा, श्रीमती राखी, श्रीमती नीरू, श्रीमती रेनू, श्रीमती अंशू, श्रीमती सीमा, श्रीमती स्मृति, सजल, गर्विता, आदि उपस्थित रहे।

# 4 अक्टूबर 2024-एलाचार्य पद प्रतिष्ठापन दिवस पर विशेष : आचार्य श्री 108 अतिवीर जी मुनिराज



**दिल्ली (विश्व परिवार)।** प्रशममूर्ति आचार्य श्री 108 शान्तिसागर जी महाराज (छाणी) की परम्परा में पंचम पट्टाचार्य परम पूज्य गुरुवर आचार्य श्री 108 विद्याभूषण सन्मति सागर जी महाराज ने राजधानी दिल्ली में जन्में एक नवयुवक ब्र. नीरज जैन को महावीर जयंती 2006 के अवसर पर त्रिलोक तीर्थ धाम, बड़ागांव (उ प्र) में मुनि दीक्षा प्रदान कर मुनि श्री अतिवीर जी महाराज के रूप में एक दिव्य संत समाज को प्रदान किया। अपने प्रियाग्र शिष्य की विशेष योग्यता, दिव्यता, संगठन व संचालन कुशलता एवं गंभीरता को देखते हुए कृष्णा नगर (दिल्ली) में अपने चातुर्मास कलश स्थापना 2009 के अवसर पर एलाचार्य पद पर प्रतिष्ठित करने की घोषणा कर भक्तों को प्रफुल्लित कर दिया। पूज्य आचार्य श्री ने कहा कि मुनि श्री द्वारा अल्पसमय में ही अभूतपूर्व ज्ञान-गंगा का प्रवाह निरंतर गतिमान है तथा विभिन्न नगरों में व्यापक धर्म प्रभावना संपन्न हो रही है।

आचार्य श्री 108 सुमति सागर जी महाराज के जन्म-दिवस एवं शरद-पूर्णिमा के पावन प्रसंग पर दिनांक 04 अक्टूबर 2009 को सी.बी.डी. ग्राउंड, ऋषभ विहार, दिल्ली में दिगंबर-श्वेताम्बर संतों की उपस्थिति में तथा लगभग 15 हजार धर्मानुरागी बंधुओं के समक्ष विधि-विधान पूर्वक पूज्य आचार्य श्री ने अपने शिक्षा-दीक्षा वरदहस्त कर-कमलों द्वारा मुनि श्री 108 अतिवीर जी महाराज को एलाचार्य पद पर प्रतिष्ठित किया। आचार्य श्री द्वारा दीक्षित समस्त शिष्य समुदाय में आप एकमात्र ऐसे शिष्य हैं जिन्हें उन्होंने स्वयं कोई पद प्रदान किया है। गहन चिंतक, विचारक, प्रवचनकार व कुशल मार्गदर्शक के रूप में आपने अल्प-समय में ही जैन समाज को नयी दिशा प्रदान करने की सार्थक पहल की।

आप हर उस कार्य को सहजता से कर लेते हैं जिसके लिए जैन समाज एक सही नेतृत्व का इंतज़ार करता रह जाता है। युवा पीढ़ी को कुशलतापूर्वक सही दिशा में अग्रसर करने में आपके हर कदम पर हज़ारों युवा चलने को तैयार हो जाते हैं। आने वाला कल जिनके हाथों में है, उनको सही दिशा में आगे बढ़ाने की कला के भण्डार हैं। स्पष्ट सोच, स्वच्छ कार्यप्रणाली, निश्चित दिशा, हर विचार को यथार्थ में सहजता से अग्रसित कर देती है। आपके द्वारा विभिन्न प्रसंगों पर किये गए उत्कृष्ट कार्य श्रमण व श्रावक के लिए प्रेरक उदाहरण हैं। आपकी इन्हीं विलक्षण प्रतिभा व विशेषताओं को देखते हुए आपके गुरुभ्राता आचार्य श्री 108 मेरुभूषण जी महाराज ने आपको आगरा (उ.प्र.) में आचार्य पद पर प्रतिष्ठित किया। परम पूज्य आचार्य श्री 108 अतिवीर जी मुनिराज के श्रीचरणों में एलाचार्य पद प्रतिष्ठापन दिवस के पुनीत अवसर पर शत-शत नमन...। **-समीर जैन**

## संक्षिप्त समाचार

### कलेक्टर नम्रता गांधी ने दिलाई स्वच्छता शपथ

**धमतरी(विश्व परिवार)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर आज देश, प्रदेश सहित जिले में भी स्वच्छता की शपथ ली गई। महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था, उसमें सिर्फ राजनैतिक आजादी नहीं थी, बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी। महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर मां भारती को आजाद कराया। अब हमारा कर्तव्य है कि गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें। कलेक्टर नम्रता गांधी ने आज कलेक्टोरेट में अधिकारी, कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। शपथ में कहा गया कि मैं शपथ लेती/लेता हुं कि मैं स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहूंगा और उसके लिए समय दूंगा, हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूंगा। मैं ना गंदगी करूंगी ना किसी और को करने दूंगा, सबसे पहले मैं स्वयं से, मेरे परिवार से, मेरे मुहल्ले से, मेरे गांव से एवं मेरे कार्यस्थल से शुरूआत करूंगी। मैं यह मानती हूं कि दुनिया के जो भी देश स्वच्छ दिखते हैं, उसका कारण यह है कि वहां के नागरिक गंदगी नहीं करते और न ही होने देते हैं। इस विचार के साथ मैं गांव-गांव और गली-गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करूंगा, मैं आज जो शपथ ले रहा हूं, वह अन्य 100 व्यक्तियों से भी करवाउंगा। वे भी मेरी तरह स्वच्छता के लिए 100 घंटें दें, इसके लिए प्रयास करूंगा। मुझे मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया, मेरा कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा।

### कलेक्टर ने स्वच्छता ग्राहियों को किया सम्मानित

**मोहला(विश्व परिवार)।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में स्वच्छता की सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता ग्राहियों को सम्मानित किया। कलेक्टर ने संबंधित ग्राम पंचायत के स्वच्छता ग्राहियों एवं सरपंच सचिव को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वच्छता के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया। कलेक्टर ने जनपद पंचायत मोहला के जय मां लक्ष्मी स्व सहायता समूह ककईपार, जनपद पंचायत मानपुर के सहेली स्व सहायता समूह कोहका एवं जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी के मनी कंचन स्व सहायता समूह की स्वच्छता ग्राही महिलाओं एवं सरपंच सचिव को सम्मानित किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने स्वच्छता ग्राहियों एवं ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव से कहा कि आप सभी ने स्वच्छता का क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया गया है। यह अन्य ग्राम पंचायत के लिए प्रेरितकारी साबित होगा। उन्होंने आगे कहा कि ग्राम पंचायत में सामान्य तौर पर कचरा कम निकलता है, किंतु स्वच्छता के लिए इसका भी समुचित प्रबंधन किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचायत में हाट बाजार लगता है, वहां दुकान लगाने वाले कचरा संग्रहण व प्रबंधन की व्यवस्था कर स्वच्छता के क्षेत्र में अपना योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत को स्वच्छ रखने के लिए ग्राम पंचायत में प्रस्ताव पारित कर स्वच्छ भारत मिशन अभियान में सहयोग देवें। ग्राम सभा में नियम बनाकर स्वच्छता में योगदान दे सकते हैं। ग्राम पंचायत में प्रस्ताव बनाकर कचरा प्रबंधन के लिए नियम बना सकते हैं। ग्राम पंचायत के घर-घर से निकलने वाले कचरे को ठोस, द्रव, पॉलिथीन जैसे कचरे को अलग-अलग संग्रहित करें। कचरे को अलग-अलग संग्रहित करने से उसका पुन: उपयोग किया जा सकेगा। जिससे गांव स्वच्छ रहे और समुचित कचरा प्रबंधन हो सकेगा। इस अवसर पर संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव ने अपना अनुभव साझा किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर विजेंद्र सिंह पाटले, परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर प्रेमलता चंदेल, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग श्रीकांत दुबे सहित अन्य अधिकारी, महिला समूह की महिलाएं, स्वच्छताग्राही महिलाएं उपस्थित थे।

### कमिश्नर,कलेक्टर ने महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** गांधी जयंती के अवसर पर कमिश्नर कार्यालय तथा कलेक्टोरेटे परिसर में महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कमिश्नर कार्यालय में कमिश्नर डोमन सिंह के द्वारा महात्मा गांधी के तैलचित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किया। साथ ही कमिश्नर कार्यालय परिसर में संचालित अन्य कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी ने भी महात्मा गांधी के तैलचित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किया। साथ ही कमिश्नर कार्यालय में स्वच्छता की लिए शपथ भी लिया गया। इसी प्रकार कलेक्टर हरिस एस ने कलेक्टोरेट के गांधी उद्यान में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा में पुष्प अर्पित किया तथा इस अवसर पर गांधीजी के प्रिय भजन 'वैष्णव जन तो तेणे कहिए' का गायन उपस्थित जनसमूह द्वारा किया गया। इस अवसर पर कलेक्टोरेट कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। साथ ही निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान जाबो के तहत शपथ कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने शपथ भी लिया।

# अमृत काल में जातिवाद का दंश झेल रहे सतनामी समाज के लोग

## समरसता लाने प्रशासन हुआ सक्रिय

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** जिला मुख्यालय से तीन किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत मजरकट्टा के सतनामी पारा के पैतिस परिवार के लोगो ने गांव में बकायदा कोटवार के पुत्र के दौरा मुनादी करा कर सतनामी बस्ती में काम में नही जाने कहा गया । शारदीय नवरात्रि में शीतला माता कि अराधना करने शीतला में प्रवेश को लेकर भी समाज के लोगो को शीतला मंदिर से दूर किया जा रहा है। बताया कि रोजगार गारंटी जैसे कार्य में भी भेदभाव किया जाता है जिसके सम्बंध में कलेक्टर को आवेदन देकर अवगत कराया गया है।

महिलाओ ने बताया कि उनके सतनामी पारा के लोगो के साथ ग्राम के ही पंचायत पदाधिकारियों द्वारा ही गलत माहौल बनाया जा रहा है छुआ छुत का माहौल बना कर सतनामी लोगो को गांव में खेती किसानी जैसे कार्यों में भी मजदूरों के रूप में नही बुलाया जाता। उनके घर प्रधान मंत्री आवास का घर निर्माण कराने राज मिस्त्री आता है तो उसे भी मना किया जाता है महिलाओ ने अरोप लगाया कि गांव के ही कुछ लोग जब चाहे तब हम लोगो के घर में जबरदस्ती घुस जाते है। महिलाओ द्वारा बताया गया कि गांव के कुछ पंचायत



पदाधिकारी व लोगो द्वारा अन्य लोगो भी भड़का कर भेदभाव बढ़ाया जा रहा है, बताया कि उनके बच्चो को स्कूल में खाना बनाने वाली बाई के द्वारा पानी तक नही दिया जाता उनके बच्चो के साथ स्कूल में दुर्व्यवहार हो रहा है.आरोप लगाया कि उनके पारा के लोगो को गांव के शीतला माता मंदिर तक में नही जाने दिया जा रहा है। अपने साथ हो रहे दुर्व्यव्हार व भेदभाव को बंद किये जाने कि अपील कि है ।

वही ग्राम मजर्कट्टा के लोगो ने भी कलेक्टर को आवेदन देकर इनके द्वारा सतनामी बस्ती के लोगो के आवेदन को निराधार बताते हुए बताया कि गांव में यह विवाद शराब बनाने को बंद कराने से शुरू हुआ था। जो लोग गांव में शराब बनाकर बेचने का कार्य करते है उनके खिलाफ पंचायत के प्रस्ताव पास कर कार्यवाही करते हुए अवैध कार्यों को बंद कराया गया था। किसी वर्ग विशेष के लोगो को नही कहा गया था। बताया कि शीतला में भी सभी का प्रवेश सुलभ है किसी को नही रोकटोक किया जा रहा है। बहरहाल सारे विवाद के बीच जिला प्रशासन भी सक्रिय हो गया और इस मामले कि जाँच तेजी से कराते हुए मामले में दोनों पक्षो कि सामूहिक मीटिंग कर इस माहौल में समरसता लाने का प्रयास में जुट गया है।

# कलेक्टर के नेतृत्व में संयुक्त जिला कार्यालय में एक घंटे तक चला सफाई अभियान

## कलेक्टर ने सभी को स्वच्छता का दिलाया संकल्प

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** देशभर में 17 सितम्बर से महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।इसी तारतम्य में स्वच्छता पखवाड़ा के समापन अवसर पर आज कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर, जिला पंचायत,पशुपालन विभाग कार्यालय,पीएचई विभाग,जल संसाधन विभाग,तहसील कार्यालय गरियाबंद, पीएमजीएसवाय कार्यालय, कृषि विभाग, सहकारिता, मछली पालन,जनपद कार्यालय, आरईएस विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के कार्यालयों सहित जिले के समस्त शासकीय कार्यालयों में स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर दीपक अग्रवाल के नेतृत्व में संयुक्त जिला कार्यालय गरियाबंद में अधिकारी-कर्मचारियों सहित स्वच्छताकर्मियों ने भी एक घंटे तक साफ-सफाई किया।कलेक्टर श्री अग्रवाल सहित अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय,डिप्टी कलेक्टर अर्पिता पाठक सहित अन्य शासकीय सेवकों ने हाथ में झाड़ू लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में फैले कूड़ा-करकटों को साफ कर व्यवस्थित रूप से निष्पादित किया।इस दौरान कलेक्टर श्री अग्रवाल ने मौके पर मौजूद कर्मियों को स्वच्छता ही सेवा शपथ दिलाया।सभी ने स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहकर हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह दो घंटे श्रमदान करने का संकल्प लिया।कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता को प्रोत्साहित करने हेतु 15 अगस्त 2014 को लाल किले की प्राचीर से सभी को स्वच्छता का संकल्प दिलाया था। प्रधानमंत्री के आव्हान और स्वच्छता अभियान से हम सभी को गली-चौराहे,मोहल्ले,स्कूल,कार्यालय,सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरणा मिली।स्वच्छता अभियान ने पूरे प्रदेश में जनआंदोलन का स्वरूप ले लिया है। कलेक्टर ने कहा कि जिले को सुंदर एवं स्वच्छ बनाना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है।इस दौरान कलेक्टर सहित सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने परिसर में स्थापित गांधी जी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर रामसिंह सोरी,खाद्य अधिकारी सुधीर गुरू,डीईओ ए.के. सारस्वत,सीएमओ संध्या वर्मा,अंत्यावसायी सीईओ सुश्री रश्मि गुप्ता सहित पालिका क्षेत्र के स्वच्छताकर्मी मौजूद रहे।

# गुमशुदा गूंगे बच्चे को पुलिस ने परिजनों के पास पहुंचाया

**धमतरी(विश्व परिवार)।** पुलिस अधीक्षक द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के सुरक्षा एवं जागरूकता के संबंध में सख्त निर्देश दिये गए हैं। इसी तारतम्य में मेचका पुलिस ने आज ग्राम बालोद से अपने घर से बिना किसी को बताये निकले बच्चे को ग्राम गाता भर्री में मिलने पर तत्काल उनके परिजनों का पतासाजी कर उनसे मिलवाया। श्याम महानंद पुत्र भागीरथी महानंद उम्र 18 वर्ष निवासी बालोद आभूषण पारा जिला बालोद, छत्तीसगढ़ स्थायी पता कालाहांडी ओडिशा जो की बोल नहीं सकता है जो दिनांक 30.9.24 को बालोद से बिना बताए कहीं निकल गया था जो ग्राम गाता भर्री में मिला। जिसकी ग्रामीणों द्वारा थाना मेचका को सूचना दिया गया।थाना प्रभारी मेचका द्वारा तत्काल गाता भर्री पहुंकर उनके परिजनों के बारे में पता साजी कर मोबाईल के माध्यम से परिवार को सूचना देकर,मेचका थाना बुलाकर परिवार को सुपुर्द किया गया सही सलामत सुपुर्द किया गया। जिसे परिजनों ने देख कर खुशी से रो पड़े। जहां गुम बच्चा श्याम महानंद को उनके पिता एवं परिजनों को सुपुर्द किया। बेटा मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहा। बच्चे को लेकर परेशान पिता एवं परिजनों द्वारा उनका बेटा सही सलामत मिलने पर धमतरी पुलिस का दिल से आभार व्यक्त किया। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी मेचका सउनि.राधेश्याम बंजारे,प्रआर. नकुल राम सहित थाना स्टॉफ का विशेष योगदान रहा।

# कलेक्टर ने अपने हाथों में थामा झाड़ू, कलेक्ट्रेट परिसर के आसपास की साफ- सफाई

## अधिकारी-कर्मचारियों ने लिया स्वच्छता की शपथ

**मोहला(विश्व परिवार)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्म तिथि के अवसर पर आज कलेक्ट्रेट परिसर में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने भारत के दोनों महान विभूतियों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके यशस्वी कृतित्व को स्मरण किया। कलेक्टर श्री जयवर्धन की अगुवाई में आज स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत अधिकारी-कर्मचारियों ने कलेक्टर परिसर एवं आसपास की साफ-सफाई की। कलेक्टर ने अपने हाथों में झाड़ू थाम कर कलेक्टर परिसर की साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। कलेक्टर ने अपने हाथों से कचरा को उठाया और परिसर की साफ-सफाई में अपना योगदान दिया। कलेक्टर सहित अधिकारी-कर्मचारियों ने स्वच्छता में अपना योगदान देने के लिए शपथ लिया। इस अवसर पर स्वच्छता ग्राही एवं स्वच्छता दूतों ने भी कलेक्ट्रेट परिसर सहित आसपास की साफ-सफाई में अपना योगदान दिया। कलेक्टर ने स्वच्छता दूतों की योगदान की सराहना करते हुए कहा कि आपका यह प्रयास निश्चित रूप से समाज में एक अनुकरणीय संदेश देता है, जिससे हम सब स्वच्छता के क्षेत्र में प्रेरित होते हैं। स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत संकल्प लिया गया कि मैं शपथ लेता हूं कि, मैं स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहूंगा और उसके लिए समय दूंगा। हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह में 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूंगा।

# अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर विधायक श्री किरणदेव एवं जनप्रतिनिधियों ने बुजुर्गों को किया सम्मानित

## बुजुर्गों की सीख और अनुभव से मिलते हैं संस्कार,आगे बढ़ने का मौका भी : किरण देव

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर नकटी सेमरा स्थित आशा वृद्धाश्रम में आयोजित वरिष्ठजन सम्मान कार्यक्रम में विधायक किरणदेव तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने 90 बुजुर्गों को शॉल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। वहीं समाज कल्याण विभाग की ओर से 42 वरिष्ठजनों को छड़ी प्रदान किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा 51 वरिष्ठजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें नि:शुल्क दवाई प्रदान करने सहित स्वास्थ्य सम्बन्धी परामर्श दी गई। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि बुजुर्गों की सेवा-सुश्रुषा करना हमारी जिम्मेदारी ही नहीं बल्कि कर्तव्य है। उनके अनुभव और सीख से हमें संस्कार मिलता है और जीवन में आगे बढ़ने के लिए उनका आशीर्वाद हमेशा बना रहता है। इसलिए किसी एक दिन उनका सम्मान करना नहीं अपितु हर दिन उनका आदर कर समुचित देखभाल का दायित्व निभाना चाहिए। उन्होंने उपस्थित सभी वरिष्ठजनों के स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना करते हुए आशीर्वाद देने का आग्रह किया। कार्यक्रम में पहुंचे विधायक ने वरिष्ठजनों से रूबरू होकर उनकी कुशल क्षेम पूछा। इस मौके पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने भी बुजुर्गों का आदर-सम्मान कर उनकी समुचित देखभाल करने के संस्कार को सदैव बना कर रखने पर बल देते हुए भावी पीढ़ी को इस दिशा में तत्पर रहने कहा। इस दौरान आशा वृद्धाश्रम की संचालक मदर सिनसी ने बताया कि वर्ष 1978 में 04 निसहाय बुजुर्गों की देखभाल से शुरू यह संस्था अब तक 600 से अधिक वरिष्ठजनों को अपनी सेवाएं प्रदान कर चुकी है। शासन की सहायता से संस्था अपने उद्देश्य के अनुरूप संवेदनशील प्रयासों को अनवरत जारी रखने के लिए कटिबद्ध है।

# प्रधानमंत्री की स्वच्छता का संकल्प आज पूरा होते दिख रहा -विधायक रोहित साहू

## स्वच्छता ही सेवा एवं सम्पूर्णता अभियान का हुआ जिला स्तरीय समापन

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** जिले में 17 सितम्बर से जारी स्वच्छता ही सेवा अभियान एवं विगत तीन माह से चल रहे सम्पूर्णता अभियान का आज जिला स्तरीय समापन सम्पन्न हुआ। जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला मुख्यालय गरियाबंद के गांधी मैदान में आयोजित की गई ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधायक रोहित साहू शामिल हुए ।इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने आम नागरिकों को स्वच्छता का संकल्प दिलाते हुए इस अभियान में अपनी शत प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की ।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2014 में लिए गये स्वच्छता का संकल्प आज पूरा होते दिख रहा है ।लोग स्वच्छता के प्रति जागरूक हो रहे है तथा अन्य लोगों को भी प्रेरित कर



रहे है ।विधायक ने स्वच्छता को अपनी प्रतिदिन की जीवनशैली में अपनाने एवं अपने घर सहित आसपास के जगहों की भी साफ-सफाई में भी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की ।कार्यक्रम में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने जिले में चलाये गये व्यापक स्वच्छता अभियान की गतिविधियों की जानकारी दी ।उन्होंने कहा कि लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए नगरीय निकाय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें समाज के सभी वर्ग ने अपनी सहभागिता निभाई। कलेक्टर ने जिले के नागरिकों से अपील करते हुए कहा स्वच्छता को अपने जीवन और स्वभाव में उतारे। स्वच्छता कर्तव्य होना चाहिए ।इसे दैनिक दिनचर्या में लाना होगा ।कलेक्टर ने सम्पूर्णता अभियान के बारे बताया कि मैनपुर एवं गरियाबंद विकासखण्ड में सम्पूर्णता अभियान के तहत लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया ।साथ ही योजना अंतर्गत शत प्रतिशत सेचुरेशन की उपलब्धि भी हासिल की गई। नीति आयोग द्वारा पिछड़े ब्लॉकों के विकास के लिए आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम चलाया गया ।इसके तहत 6 इंडिकेटर निर्धारित किए गए थे ।जिसे 30 सितंबर तक पूर्ण करने का कार्य योजना बनाया गया ।इसके तहत शिक्षा,स्वास्थ्य पोषण,कृषि एवं सामाजिक विकास के क्षेत्र में लोगों को शत प्रतिशत लाभान्वित किया गया ।कार्यक्रम में विधायक,कलेक्टर एवं अन्य अतिथियों ने स्वच्छता एवं सम्पूर्णता अभियान के क्षेत्र में विशेष रूप से अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने वाले जिले के स्वच्छताकर्मियों, सरपंच,महिल समूह,सचिव,आम नागरिक एवं अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया गया ।साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को सामग्री वितरण,स्वच्छता किट,लाभान्वितों को चेक वितरण एवं आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया ।कार्यक्रम में विभिन्न विभागीय स्टॉलों के द्वारा लोगों को योजनाओं की जानकारी दी गई ।अतिथियों ने स्टॉलों का निरीक्षण कर शासकीय योजनाओं का अवलोकन किया ।इस अवसर पर बच्चों को अन्नप्राशन एवं गर्भवती महिलाओं का गोदभराई के तहत सुपोषण किट का वितरण किया गया ।विधायक, कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत गांधी मैदान परिसर में वृक्षारोपण किया ।साथ ही स्वच्छता ही सेवा पोस्टर के समक्ष सेल्फी भी खिचवाई।

## व्यापार समाचार

### मैकडॉवेल एंड कंपनी द्वारा वोदका, रम एवं जिन की प्रीमियम नई रेंज, एक्स सीरीज़ अब उपलब्ध है आपके शहर में

**नईदिल्ली।** कोविड के बाद पूरे विश्व में सामाजिक परिवर्तन सामने आ रहा है, और लोगों द्वारा समाज में घुलने-मिलने, संपर्क बनाने और जश्न मनाने का तरीका बदल रहा है। लोगों द्वारा जीवन का आनंद लेने और सक्रिय जीवन जीने की इच्छा बढ़ रही है। यह परिवर्तन भारत में भी हो रहा है और मध्यम वर्ग की आय बढ़ने तथा जेन ज़ी के व्यस्क होने एवं मिलेनियल्स द्वारा और बेहतर अनुभव प्राप्त करने की आकांक्षा के साथ यह उनके स्टेटस की नई पहचान बनता जा रहा है। एल्कोहल सेवन का अनुभव बेहतर बनाने की बढ़ती इच्छा के साथ पारंपरिक व्हिस्की से आगे बढ़कर कॉकटेल संस्कृति का विकास हो रहा है, और युवा एवं वृद्ध ग्राहक ज्यादा से ज्यादा प्रयोगात्मक होते जा रहे हैं। आज के समय में संग्रह पसंद किया जाता है। इसलिए यह समय 125 साल पुराने भारत के सबसे प्रतिष्ठित ब्रांड्स में से एक मैकडॉवेल एंड कंपनी के लिए ग्राहकों पर केंद्रित रहते हुए खुद को स्थापित करने का सबसे उत्तम समय है। देश के कोने-कोने में स्थित सात अलग-अलग डिस्टिलरीज़ और पूरे देश एवं विश्व से कच्ची सामग्री प्राप्त करते हुए मैकडॉवेल्स एंड कंपनी की एक्स सीरीज़ अपने पोर्टफोलियो में वोदका और जिन से लेकर बेहतरीन सिट्रॉन रम और स्वादिष्ट डार्क रम प्रदान करके ग्राहकों के लिए शानदार एल्कोहल का बेहतरीन स्वाद लेकर आई है।

### काइनेटिक ग्रीन ने अपनेइलेक्ट्रिक 3-व्हीलर 'सफर स्मार्ट' के नए लिमिटेड एडिशन को लॉन्च किया, आकर्षक फेस्टिव औरफाइनेंसिंग ऑफर्स की भी घोषणा की!

**पुणे:** भारत की प्रमुख इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर (ई2डब्ल्यू) और इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर (ई3डब्ल्यू) निर्माता, काइनेटिक ग्रीन एनर्जी एंडपावर सॉल्यूशंस लिमिटेड ने सफर स्मार्ट पैसेंजर वाहन के लिमिटेड एडिशन के लॉन्च की घोषणा की है। यह वाहन लेड एसिड और लीथियम बैटरीवैरिएंट दोनों में उपलब्ध होगा। इसे उन ग्राहकों के लिए डिज़ाइन किया गया है जिन्हें यात्री और माल ढुलाई दोनों की सुविधा की जरूरत है। इसमें विशेष कैरियर के साथ एक मजबूत टॉप रूफहै, जो यात्रियों को छत पर अपना सामान सुरक्षित रूप से रखकरआराम से यात्रा करने की सुविधा देता है। इसके अतिरिक्त, इसमें एक नयाम्यूजिक सिस्टम, फ्लोर मैट और स्टाइलिश व्हील कैप शामिल हैं और येसभी स्टैंडर्ड मॉडल से केवल 5000 रुपये अधिक में उपलब्ध हैं।

### वरिंदरा कंस्ट्रक्शन्स लिमिटेड ने 1200 करोड़ रुपये तक के आईपीओ के लिए सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

**रायपुर।** वरिंदरा कंस्ट्रक्शन्स लिमिटेड (कंपनी, वीसीएल) ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। वरिंदरा कंस्ट्रक्शन्स लिमिटेड एक एकीकृत इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) कंपनी है, जिसके पास आवासीय इकाइयों, वाणिज्यिक परिसर, कार्यालय, रेलवे स्टेशन, अस्पताल, उच्च न्यायालय और पुस्तकालय सहित अनेक भवन परियोजनाओं के निर्माण का व्यापक अनुभव है। साथ ही कंपनी के पास मेट्रो डिपो, विमान हैंगर और सड़कों जैसी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के निर्माण का भी लंबा अनुभव है। कंपनी ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के जरिये इक्विटी शेयरों (अंकित मूल्य 1 प्रत्येक) की पेशकश के माध्यम से कुल 12000 मिलियन [1200 करोड़] तक धन जुटाने की योजना बनाई है। (इश्यू साइज इस ऑफर में कुल 9000 मिलियन [900 करोड़] तक के इक्विटी शेयरों का नया निर्गम (फ्रेश इश्यू) और कुल ?3000 मिलियन [ ?300 करोड़] तक के विक्रय शेयरधारकों द्वारा ऑफर फॉर सेल (बिक्री के लिए प्रस्ताव) शामिल हैं। रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए जाने वाले इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

### सीग्राम रॉयल स्टैग पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर ने क्रिकेट आइकन सूर्य कुमार यादव के साथ उत्सव अभियान #CelebrateLarge लॉन्च किया




**नई दिल्ली।** भारत में उत्सव के जोश को शुरू करते हुए, रॉयल स्टैग पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर ने नया अभियान #CelebrateLarge पेश किया है। यह अभियान दिखाता है कि आज की युवा पीढ़ी विभिन्न उत्सवों को अपनी अनूठी शैली और ऊर्जा से कैसे संजो कर रखना चाहती है। अभियान का टैगलाइन - जनरेशन लार्ज का सेलिब्रेशन लार्ज इस युवा पीढ़ी की इच्छा को ब्रांड की 'लिव इट लार्ज' फिलॉसफी के साथ बखूबी जोड़ता है। इस अभियान की विशेषता भारत के टी20 क्रिकेट कप्तान सूर्यकुमार यादव है और यह एक एंगेजमेंट-केन्द्रित 360 डिग्री का अभियान है, जिसमें एक इंटरैक्टिव एआई फिल्म, एक अभिनव एआर -सक्षम उत्सवी कैनवास और भारतीय क्रिकेट सुपरस्टार सूर्यकुमार यादव के साथ मनाने का अवसर शामिल है। एफसीबी इंडिया के साथ साझेदारी में तैयार किए गए इस अभियान का हर टचपॉइंट युवाओं को लिव इट लार्ज×त्त39; की प्रेरणा देने और उनके उत्सव को एक नए स्तर पर ले जाने का लक्ष्य रखता है।

# मोहम्मद शमी पर बॉर्डर-गावस्कर सीरीज से भी बाहर होने का खतरा



#### भारतीय टीम के लिए आई बुरी खबर

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** हाल ही में बांग्लादेश को टेस्ट सीरीज में 2-0 से रौंदने वाली भारतीय टीम की चिंता बढ़ गई है. टीम इंडिया की मुश्किल बढ़ने की वजह हैं तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी. शमी को लेकर एक ऐसी खबर आई है जो न सिर्फ उनके लिए बल्कि भारतीय टीम के लिए घातक है. शमी पर बॉर्डर-गावस्कर सीरीज से बाहर होने का खतरा बढ़ गया है. मोहम्मद शमी से जुड़ी खबर ये है कि राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैब के दौरान उनका पैर इंजर्ड हो गया है जिसकी वजह से उनके घुटने में सूजन में आ गई है. सूजन की वजह से फिलहाल वे अभ्यास से दूर हैं और रिकवरी पर ध्यान दे रहे हैं. रिपोर्टों के मुताबिक शमी को पूरी तरह फिट होने में 8 से 10 सप्ताह का समय लग सकता है. इसका अर्थ ये हुआ कि वे न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज से तो बाहर होंगे ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली 5 टेस्ट मैचों की बॉर्डर गावस्कर सीरीज में उनके लिए संशय की स्थिति पैदा हो गई है. अगर समय पर रिकवरी नहीं होती है तो वे इस सीरीज से भी बाहर हो सकते हैं. बता दें कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला टेस्ट 22 नवंबर से शुरु हो रहा है. मोहम्मद शमी वनडे विश्व कप 2023 में भारतीय टीम के लिए सबसे बड़े स्टार साबित हुए थे. शमी ने 7 मैचों में 24 विकेट लिए थे. हालांकि टूर्नामेंट के दौरान ही वे इंजरी से जूझ रहे थे. विश्व कप के बाद जनवरी 2024 में उनके पैर का ऑपरेशन हुआ था. पिछले 8 महीने से वे फिटनेस पर काम कर रहे हैं. उन्होंने पिछले दिनों गेंदबाजी भी शुरु कर दी थी लेकिन नई इंजरी उनकी और टीम इंडिया की मुसीबत को बढ़ाने वाली है. मोहम्मद शमी ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज के लिए बेहद जरुरी गेंदबाज हैं. स्पिड के साथ उनकी स्विंग कमाल कर सकती है. अबतक खेले 64 टेस्ट मैचों में वे 229 विकेट ले चुके हैं. इस दौरान वे 6 बार पारी में 5 या उससे अधिक विकेट ले चुके हैं. 56 रन देकर 6 विकेट उनका श्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है.

## पाकिस्तान क्रिकेट टीम की कप्तानी से बाबर आजम ने दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के जाने-माने बल्लेबाज बाबर आजम ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर एक बड़ा ऐलान किया। उन्होंने एक पोस्ट शेयर कर इस बात की जानकारी दी कि उन्होंने पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट टीम के कप्तान पद से इस्तीफा देने का निर्णय लिया है। बाबर आजम ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, मैं आज आपके साथ कुछ समाचार साझा कर रहा हूं। मैंने पिछले महीने पीसीबी और टीम प्रबंधन को दी गई अधिसूचना के अनुसार पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट टीम के कप्तान के रूप में इस्तीफा देने का फैसला किया है। इस टीम का नेतृत्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है, लेकिन अब समय आ गया है कि मैं पद छोड़ दूं और अपनी खेल भूमिका पर ध्यान केंद्रित करूं। उन्होंने लिखा, कप्तानी एक पुरस्कृत अनुभव रहा है, लेकिन इसने काम का बोझ भी बढ़ा दिया है। मैं अपने प्रदर्शन को प्राथमिकता देना चाहता हूं, अपनी बल्लेबाजी का आनंद लेना चाहता हूं और अपने परिवार के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताना चाहता हूं, जिससे मुझे खुशी मिलती है। पद छोड़ने से मुझे आगे बढ़ने में स्पष्टता मिलेगी और मैं अपने खेल और व्यक्तिगत विकास पर अधिक ऊर्जा केंद्रित कर पाऊंगा। उन्होंने आगे लिखा, मैं आपके अटूट समर्थन और मुझ पर विश्वास के लिए आभारी हूं। आपका उत्साह मेरे लिए बहुत मायने रखता है।

## कप्तानी छोड़ने के बाद भी टीम के लीडर की भूमिका में बने रहेंगे टिम साउदी

**वेलिंग्टन( एजेंसी )।** टिम साउदी ने न्यूजीलैंड टेस्ट कप्तान के पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने यह फैसला श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में सूपड़ा साफ होने के बाद लिया है। अब टॉम लैथम न्यूजीलैंड की टेस्ट टीम के कप्तान होंगे। टॉम लैथम, जिन्होंने पहले 9 बार टेस्ट टीम की कप्तानी की है, अगले शुक्रवार को भारत दौरे पर साउदी सहित 15 सदस्यीय टेस्ट टीम की कमान संभालेंगे। 2008 में डेब्यू के बाद से ब्लैक कैप्स के लिए 102 टेस्ट मैच खेले वाले टिम साउदी ने 382 विकेट लिए हैं। न्यूजीलैंड के लिए उनसे ज्यादा टेस्ट विकेट केवल सर रिचर्ड हैडली ने लिए हैं। 35 वर्षीय तेज गेंदबाज ने



दिसंबर 2022 में केन विलियमसन के बाद कप्तानी का जिम्मा उठाया था। उन्होंने 14 टेस्ट (6 जीत, 6 हार, 2 ड्रॉ) में टीम की कप्तानी की है। इस साल साउदी का खुद का फॉर्म भी चर्चा का विषय रहा, उन्होंने पिछले आठ टेस्ट में सिर्फ 12 विकेट लिए। श्रीलंका में भले ही उन्होंने दोनों मैच खेले लेकिन भारत में संभव है कि परिस्थितियों के हिसाब से जरूरी टीम कॉम्बिनेशन को सुनिश्चित करने के लिए उन्हें प्लेइंग इलेवन में न चुना जाए। साउदी ने कहा, इतने विशेष प्रारूप में ब्लैक कैप्स की कप्तानी करना मेरे लिए सम्मान और सौभाग्य की बात है। मैंने अपने पूरे करियर में हमेशा टीम को पहले रखने की कोशिश की है और मेरा मानना है कि यह निर्णय टीम के लिए सबसे अच्छा है। मेरा मानना है कि टीम के लिए आगे बढ़ने का मेरा सबसे अच्छा तरीका मैदान पर अपने प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करना, अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना, विकेट लेना जारी रखना और न्यूजीलैंड को टेस्ट मैच जीतने में मदद करना है।

## जेवर एयरपोर्ट : 17 अप्रैल से कमर्शियल और डॉमेस्टिक फ्लाइट्स भर सकती है उड़ान




**ग्रेटर नोएडा( एजेंसी )।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से पहली कमर्शियल फ्लाइट अगले साल 17 अप्रैल को उड़ान भर सकती है। यह डेडलाइन नियाल के सीईओ अरुण वीर सिंह की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान तय की गई। यह बैठक नागरिक उड्डयन मंत्रालय के एक पत्र पर केंद्रित थी, जो एयरपोर्ट के शुरू होने की तैयारियों के बारे में थी। 30 नवंबर 2024 को कमर्शियल फ्लाइट ट्रायल किया जाएगा। इस फ्लाइट में क्रू मेंबर और टेक्निकल स्टॉफ होंगे। इस ट्रायल में अकासा, इंडिगो व एयरपोर्ट की भागीदार एयरलाइंस भी शामिल होगी। सीईओ ने बताया कि यह परीक्षण एक दिन या दो से तीन दिन का भी हो सकता है। इन परीक्षणों के परिणाम के आधार पर ही कमर्शियल फ्लाइट संचालन के लिए कंपनी डायरेक्टर ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) को एयरोड्रम लाइसेंस के लिए आवेदन करेंगे। इसका आवेदन इस साल दिसंबर में किया जाएगा। डीजीसीए ने कैटेगरी-1 और कैटेगरी-3 दोनों प्रणालियों का निरीक्षण करेगा। इसमें 4 से 6 नवंबर तक इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) का कैलिब्रेशन किया जाएगा। दोनों रनवे की व्यापक रिपोर्ट 10 अक्टूबर तक डीजीसीए को प्रस्तुत की जाएगी। कैलिब्रेशन प्रमाणपत्र 15 अक्टूबर तक जारी होने की उम्मीद है। 15 नवंबर को उड़ान परीक्षण और अनुमति के लिए आवश्यक दस्तावेज डीजीसीए को प्रस्तुत किया जाएगा।

### संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड ने 540 करोड़ रुपये तक के आईपीओ के लिए सेबी के पास दाखिल किया डीआरएचपी

संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड (एसएसटीएल या कंपनी) ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। क्रिसिल रिपोर्ट के अनुसार कंपनी 31 मार्च, 2024 तक स्थापित क्षमता के मामले में भारत में इलेक्ट्रिक रेजिस्टेंस वेल्डेड (ईआरडब्ल्यू) स्टील पाइप और स्ट्रक्चरल ट्यूब (होलो सेक्शन) के प्रमुख निर्माताओं में से एक है। कंपनी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से इक्विटी शेयरों (प्रत्येक का अंकित मूल्य 10) की पेशकश के माध्यम से 5,400 मिलियन (540 करोड़) तक के फंड जुटाने की योजना बनाई है।

### सोनी इंडिया ने ब्रेविया टेलीविज़न के लिए पेश किया 'सिनेमा इज़ कमिंग होम' कॉन्सेप्ट, जो मशहूर फिल्म निर्माता, श्री एस.एस. राजामौली की सिनेमाई दृष्टिकोण से प्रेरित है

**नई दिल्ली :** सोनी इंडिया ने 'सिनेमा इज़ कमिंग होम' कॉन्सेप्ट की शुरुआत के साथ होम एंटरटेनमेंट के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक मोड़ लाने की घोषणा की है। इस नवोन्मेषी अवधारणा को उपभोक्ताओं को घर पर सिनेमा का आनंद लेने के तरीके को बेहतर बनाने के लिए तैयार किया गया है, जिसमें सोनी की अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी को एक समृद्ध सिनेमाई अनुभव के साथ जोड़ा गया है। मशहूर फिल्म निर्माता, श्री एस.एस. राजामौली के समर्थन के साथ, यह पेशकश भारत में लोगों के घर पर फिल्म देखने के अनुभव में आमूल बदलाव लाएगा।

1. ब्रेविया 'सिनेमा इज़ कमिंग होम' घर पर एक सहज, इमर्सिव मूवी अनुभव प्रदान करता है- पेशेवर तरीके से फिल्म बनाने के उपकरण विकास के साथ-साथ फिल्म निर्माण और वितरण केंद्र में दशकों के संचालन के बाद, सोनी अब एक शानदार स्थिति में है, जो इसे अपने अग्रणी ब्रेविया टेलीविज़न और ब्रेविया थिएटर होम ऑडियो डिवाइस के साथ अपने बेजोड़ फिल्म उद्योग, पेशेवर उपकरण और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स अनुभव का उपयोग करने में मदद करता है। ताकि सिनेमाई अनुभव को सहज बनाया जा सके। 'सिनेमा इज़ कमिंग होम' कॉन्सेप्ट सिर्फउत्पाद लॉन्च नहीं है, बल्कि फिल्म प्रेमियों के लिए जीवनशैली में बदलाव जैसा है, जो उन्हें अपने घर में आराम से सिनेमा जैसा अनुभव हासिल करने में मदद करता है। यह कॉन्सेप्ट तीन प्रमुख कारणों से महत्वपूर्ण है और पहली चीज़ है, सिनेमैटिक पिक्चर और साउंड।

## बादाम के पोषण से बढ़ाइये नवरात्रि का आनंद

**रायपुर।** भारत के सबसे ज्यादा धूमधाम वाले त्यौहारों में से एक है। इसे विभिन्न क्षेत्रों में अनूठे तरीकों से मनाया जाता है। यह त्यौहार परिवारों और दोस्तों को एकजुट करता है। लोग खुशी के पल साझा करते हैं और उत्सव के उत्साह में डूब जाते हैं। नवरात्रि में खास व्यंजनों, स्नैक्स और मिठाइयों पर टूट पड़ने की परंपरा बेहद खास होती है और इससे अपनापन भी बढ़ता है। लेकिन इनमें से कई चीजें शुगर, फैट्स और कार्बोहाइड्रेट्स से भरपूर होती हैं और वजन बढ़ने, डायबिटीज तथा दिल की बीमारियों का जोखिम बढ़ा देती हैं। जश्न का मजा लेते हुए अच्छी सेहत बनाये रखने के लिये सोच-समझकर खाना-पीना जरूरी है। अपने आहार में ज्यादा सेहतमंद चीजों, जैसे कि ताजे फल, सब्जियाँ और बादाम जैसे नट्स लेने से त्यौहार का खान-पान सेहत पर बुरा असर नहीं डालता है। यह संतुलन पाने का एक आसान तरीका है। नवरात्रि के दौरान कई लोग उपवास रखते हैं या शाकाहारी आहार लेते हैं। इसमें बादाम भी शामिल हो जाए, तो आदर्श स्थिति बन जाएगी। बादाम में ग्लूटन नहीं होता है, पादप-आधारित प्रोटीन अच्छी मात्रा में होता है और 15 जरूरी पोषक-तत्व भी होते हैं। बादाम वीगन डाइट लेने वाले लोगों के लिये भी परफेक्ट होती हैं। तरह-तरह के इस्तेमाल में आ सकने के कारण बादाम नवरात्रि की पारंपरिक मिठाइयों और स्नैक्स का स्वाद बढ़ा देती हैं। स्वाद या त्यौहार के आनंद से समझौता किये बिना बादाम ज्यादा स्वास्थ्यकर विकल्प देती हैं। मैक्स हेल्थकेयर, नई दिल्ली में डायटेटिक्स की रीजनल हेड ऋतिका समद्दार ने कहा नवरात्रि के दौरान देश के कई हिस्सों में लोग उपवास रखते हैं, लेकिन कई लोगों को उसका सही तरीका पता नहीं होता है। उपवास का सबसे महत्वपूर्ण पहलू होता है उसे तोड़ने का तरीका। काफी प्रोसेस किया हुआ, मीठा या जंक फूड खाने से बचना मायने रखता है। इसके बजाए बादाम जैसे पोषक विकल्पों को अपनाया जाना चाहिये। बादाम में ऐसे कुछ अनिवार्य पोषक-तत्व भरपूर मात्रा में होते हैं, जो शरीर की समग्र तंदुरुस्ती में योगदान देते हैं। अपने आहार में मुट्ठीभर बादाम को शामिल करने से आपकी सेहत को तरह-तरह के फायदे हो सकते हैं।

**कार्यालय,कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग कवर्धा**
**जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**
**सामग्री निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 03 (द्वितीय आमंत्रण)**

क्रमांक 2236 /तक./निविदा/ग्रायांसेवा/2024 कबीरधाम, दिनांक 30/09/2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से ठेकेदारों/प्रदायकर्ता/प्रतिष्ठानों/सामग्री निर्माताओं एवं अधिकृत विक्रेताओं जिनका पंजीयन वाणिज्यकर विभाग/जी.एस.टी. छत्तीसगढ़ में हो मनरेगा अंतर्गत **निम्न भवन निर्माण हेतु सामग्री,** की निविदा फार्म "सी" में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक **11-10-2024** शाम 5:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 15.10.2024 को समय 12:00 बजे से खोली जावेगी। आवश्यक सामग्रियों का विवरण तथा निविदा की सामान्य शर्ते व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://cg.nic.in/resworks में दिनांक 01.10.2024 से देखी जा सकती है।

| क्र. | कार्य का नाम एवं ग्राम | अनुमानित लागत प्रत्येक कार्य हेतु (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | मिनी स्टेडियम भाग-02<br>विकासखण्ड - कवर्धा अंतर्गत ग्राम दौजरी, बदराडीह, बैजलपुर<br>विकासखण्ड - बोड़ला अंतर्गत ग्राम उसरवाही, झलमला, चिल्फी, खैरबना, खारा, | 13.70 लाख |

G-242502892/1

कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग कवर्धा
जिला - कबीरधाम (छ.ग.)

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, शुक्रवार 04 अक्टूबर 2024

## छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर स्थानीय अवकाश घोषित

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आगामी 01 नवंबर को छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त शासकीय कार्यालयों और संस्थाओं के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। यह स्थानीय अवकाश बैंक, कोषालय, उपकोषालय एवं अन्य वित्तीय संस्थान के लिए लागू नहीं होगा। इस संबंध में आज यहां सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है।



# संक्षिप्त समाचार

## इंडियन बैंक अंचल कार्यालय रायपुर में हिंदी पखवाड़ा सम्पन्न



**रायपुर (विश्व परिवार)।** न्यू शांति नगर स्थित इंडियन बैंक के अंचल कार्यालय में दिनाँक 14.09.024 से 28.09.2024 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया। इस दौरान स्टाफ सदस्यों हेतु विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं जिनमें अंचल के स्टाफ सदस्यों ने खूब बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पखवाड़ा अवधि के दौरान स्टाफ सदस्यों को अधिक से अधिक कार्यालयीन कार्य हिंदी में करने हेतु प्रेरित व प्रोत्साहित किया गया। उक्त पखवाड़ा अवधि के दौरान आयोजित की गई विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम दिनाँक 01.10.2024 को अंचल कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया। इस दौरान राजेश शरण, अंचल प्रबंधक, सरोज कांत दलाई, उप अंचल प्रबंधक एवं मंजूश्री नायक, मुख्य प्रबंधक महोदय द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में अपने वक्तव्य में अंचल प्रबंधक महोदय राजेश शरण ने कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा हिंदी के प्रयोग संबंधी संवैधानिक दायित्व के बखूबी निर्वहन हेतु स्टाफ सदस्यों को प्रेरित करते हुए पूरे वर्ष हिंदी के प्रयोग को अधिकाधिक बढ़ावा देने की बात कही।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मध्य प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह ने की सौजन्य मुलाकात

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में मध्य प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री श्री कुंवर विजय शाह ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के साथ आदिवासी समुदायों के विकास और कल्याण से जुड़े विषयों पर चर्चा की। श्री शाह ने मध्य प्रदेश में चल रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

## उज्ज्वला इंगले का आकस्मिक निधन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** उज्ज्वला इंगले का 78 वर्ष की आयु में गुरुवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा शुक्रवार, चार अक्टूबर को सुबह 10:30 कमल निवास, आशीर्वाद भवन के पीछे, बैरन बाजार से मारवाड़ी श्मशान घाट के लिए निकलेगी। वे शरद, संजय, विजय, वीणा, मीना इंगले और सुरभि गनोदवाले की बड़ी बहन और सुकृत गनोदवाले की मौसी थीं।

# पत्रकारों के लिए आयोजित शूटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ आज

**खेलकूद एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा करेंगे उद्घाटन**

**रायपुर प्रेस क्लब, रायपुर पुलिस और जनसंपर्क विभाग का संयुक्त आयोजन**

**राजधानी एवं अन्य जिलों के 200 से अधिक पत्रकार ले रहे हिस्सा**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर प्रेस क्लब, रायपुर पुलिस और छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पहली बार छत्तीसगढ़ के पत्रकारों के लिए 'सेल्फ प्रोटेक्शन एनिशिएटिव चैम्पियनशिप' के नाम से राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. शूटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ 4 अक्टूबर, शुक्रवार को सुबह 10 बजे, पुलिस लाईन स्थित एकलव्य शूटिंग रेंज में किया जाएगा.

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि खेलकूद एवं युवा कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री टंकराम वर्मा होंगे. अध्यक्षता हरिभूमि-आईएनएच समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी करेंगे. विशिष्ट अतिथि के तौर पर रायपुर उत्तर के विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, जनसंपर्क विभाग के आयुक्त श्री मयंक श्रीवास्तव, रामदास द्रौपदी फाउंडेशन के चेयरमैन श्री सुनील रामदास, जिंदल स्टील एंड पावर के प्रेसिडेंट कार्पोरेट अफेयर्स श्री प्रदीप टंडन, आईडीबीआई बैंक के महाप्रबंधक श्री आशीष त्रिपाठी मौजूद रहेंगे. प्रतियोगिता का आयोजन आईडीबीआई बैंक, रामदास द्रौपदी फाउंडेशन, जिंदल स्टील एंड पावर के विशेष सहयोग से किया जा रहा है. प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर ने बताया कि प्रदेश के पत्रकारों के लिए पहली बार शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. शूटिंग के रोमांचक खेल है. पेरिस ओलंपिक में मनु भाकर ने मैडल जीतने के बाद से खेल की लोकप्रियता और बढ़ी है. श्री ठाकुर ने कहा कि पत्रकारों को इस खेल के रोमांच का अनुभव कराने के लिए यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है. प्रतियोगिता को लेकर पत्रकारों में खासा उत्साह देखा जा रहा है. रायपुर और अन्य जिलों के 200 से अधिक पत्रकार प्रतितियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं. 6 दिवसीय प्रतियोगिता का समापन 9 अक्टूबर को होगा।

# 14 वर्षीय मास्टर रणबीर की जान बचाई, एमएमआई नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर के डॉक्टरों ने किया कमाल



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मरीज़ मास्टर रणबीर सोनी 14 वर्ष बुखार पीलिया के लक्षण के साथ अत्यंत गंभीर स्थिति में बेहोशी की हालत में एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल में रेफर होकर राजीम से आये थे, हॉस्पिटल के पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुपम महापात्र द्वारा इनका पूर्ण परीक्षण करने के पश्चात ज्ञात हुआ कि पीलिया दिमाग में पहुंच गया है जिससे उनकी बेहोशी की स्थिति हुई है परीक्षण के बाद पता चला कि मरीज को हेपेटाइटिस ए हुआ है साथ में मरीज को स्क्रब टाइफ़स (Scrub typhus) जो की कीड़े के काटने से होने वाली बीमारी है से ग्रसित है, मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें आईसीयू में भर्ती करके इलाज शुरू किया गया, सारे परीक्षण और जरुरी उपचार (वेंटिलेटर सपोर्ट) दिया गया मरीज़ हेपेटाइटिस ए के लिवर फैलियर की स्थिति में था जो की अत्यंत गंभीर अवस्था है, जिससे कई बार लिवर प्रत्यारोपण (लिवर ट्रांसप्लांट) की जरूरत भी पड़ती है, मरीज के परिजनों को उपलब्ध उपचार के बारे में सारी जानकारी एवं मरीज की स्थिति के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई और उनकी सहमति से अस्पताल में उपलब्ध सारे उपचार दिए गए जिसमे, क्रिटिकल केयर की टीम /न्यूरोलॉजी टीम /गैस्ट्रो की टीम सम्मिलित है, उपचार के दौरान मरीज तीन दिन बाद मरीज़ पूर्ण रूप से होश में आ गया मरीज़ चौथे दिन से अपने परिवार जनों से बातचीत करनी शुरू कर दी इसके पश्चात मरीज को जनरल वार्ड में शिफ्ट करके डिस्चार्ज कर दिया गया, हेपेटाइटिस ए खानपान से होने वाली बीमारी है जो बारिश के मौसम में आम है, जिससे 1 प्रतिशत से कम लोगों को लिवर फैलियर की स्थिति होती है समय पर उपचार मरीज की जान बचा सकती है।

# छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के अग्रसेन जयंती में शामिल हुए सुशील सन्नी अग्रवाल



**रायपुर (विश्व परिवार)।** पुरानी बस्ती रायपुर के अग्रसेन भवन में आज छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के द्वारा महाराजाधिराज अग्रसेन महाराज जी का जयंती मनाया गया। इस अवसर पर दाऊ सुशील सन्नी अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के द्वारा मेडिकल कैंप भी लगाया गया, जिसका शुभारंभ श्री सन्नी अग्रवाल के द्वारा महाराज अग्रसेन की पूजा अर्चना कर किया गया। तत्पश्चात समाज के शोभायात्रा में शामिल हुये। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा की महाराज अग्रसेन राम राज्य के समर्थक, महादानी थे उनके बताए आदर्श के रास्ते पर चलकर ही एक सभ्य समाज का निर्माण किया जा सकता हैं। महाराज अग्रसेन जयंती के अवसर पर मैं पूरे छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज को अग्रसेन जयंती एवं नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

कार्यक्रम में दाऊ अजय दानी, दाऊ अनुराग अग्रवाल, दाऊ डॉ जेपी अग्रवाल, दाऊ डॉ विठ्ठल अग्रवाल, दाऊ डॉ अमित अग्रवाल, दाऊ नीरज अग्रवाल, दाऊ प्रतीक अग्रवाल, दाऊ अनुपम अग्रवाल, दाऊ संजय अग्रवाल, दाऊ विजय अग्रवाल, दाऊ रजनीश अग्रवाल, दाऊ अजय अग्रवाल, दाऊ अनिल अग्रवाल, दाऊ गौरी शंकर अग्रवाल, दाऊ शिशिर अग्रवाल, दाऊ अंशुल अग्रवाल, दाऊ सौरभ अग्रवाल, दाऊ नीलेश अग्रवाल, दाऊ नितेश अग्रवाल, दाऊ ऋषि अग्रवाल, दाऊ विकास अग्रवाल, दाऊ आशीष (मीकू) अग्रवाल, दाऊ नितिन अग्रवाल, दाऊ मनीष अग्रवाल, दाऊ निकेत अग्रवाल सहित भारी मात्रा में अग्रवाल समाज के गणमान्य नागरिक भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने 'स्वच्छता परमो धर्मः' थीम सॉन्ग का वीडियो किया लॉन्च



**रायपुर (विश्व परिवार)।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने बुधवार को बिलासपुर में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के राज्य स्तरीय समापन कार्यक्रम में 'स्वच्छता परमो धर्मः' थीम सॉन्ग का वीडियो लॉन्च किया। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग तथा राज्य शहरी विकास अभिकरण (स्डा) द्वारा तैयार कराए गए इस गाने के माध्यम से लोगों को अपने आसपास के परिवेश को स्वच्छ रखने जागरुक और प्रेरित किया गया है। गाने में प्रदेश के शहरों और गांवों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए नागरिकों से जन भागीदारी बढ़ाने की अपील की गई है। वीडियो सॉन्ग की रिलीज के दौरान विधायक श्री धरम लाल कौशिक, श्री धर्मजीत सिंह और श्री सुशांत शुक्ला, नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस., संचालक श्री कुंदन कुमार और सुडा के सीईओ श्री शशांक पाण्डेय भी मौजूद थे।

# एएम/एनएस इंडिया के सहयोग से युवाओं के सपनों को मिल रही नई उड़ान, क्रिकेट किट से आएगी प्रतिभा में निखार



**रायपुर (विश्व परिवार)।** एएम/एनएस इंडिया द्वारा अपने कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहल प्रोजेक्ट ऽउड़ानऽ के तहत युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और समर्थन देने के उद्देश्य से सुकमा क्षेत्र में कक्षा नौवीं के छात्र और उभरते क्रिकेटर नजीर खान को एक पूरी क्रिकेट किट प्रदान की है। यह पहल नजीर के अंडर-19 बस्तर संभाग क्रिकेट टीम में चयनित होने पर प्रदान की गयी।

इस कार्यक्रम में उपस्थित सेक्शन प्रभारी श्री महेश डागा, लीड फाइनेंस श्री दीपक गुप्ता और एएम/एनएस इंडिया की सीएसआर टीम द्वारा नजीर को यह क्रिकेट किट प्रदान किया गया। इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों ने नजीर की खेल प्रतिभा को सराहा और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

एएम/एनएस इंडिया के प्रोजेक्ट उड़ान का उद्देश्य युवा खिलाड़ियों को संसाधन और अवसर प्रदान करना है, ताकि वे अपने खेल के सपनों को पूरा कर सकें। एएम/एनएस इंडिया लिमिटेड स्थानीय प्रतिभाओं के विकास में योगदान देकर, नजीर जैसे खिलाड़ियों के लिए उत्कृष्टता की ओर अग्रसर होने का मार्ग प्रशस्त करने का निरन्तर प्रयास कर रहा है।

यह कदम न केवल नजीर की प्रतिभा की पहचान है, बल्कि यह ग्रामीण, आदिवासी एवं स्थानीय समुदाय में अन्य युवा एथलीटों के लिए भी विकास और अवसरों को बढ़ावा देने की दिशा में एएम/एनएस इंडिया का एक महत्वपूर्ण कदम है।

## मंत्री लखन लाल देवांगन ने कलेक्ट्रेट में अधिकारियों व कर्मचारियों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

**रायपुर (विश्व परिवार)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर 02 अक्टूबर को जिला मुख्यालय कोरबा कलेक्ट्रेट में स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने अधिकारियों-कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और अपने आसपास के परिसर को स्वच्छ रखने की अपील की। उन्होंने हर सप्ताह दो घंटे श्रम दान करने का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का आधार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरगामी एवं व्यापक सोच के परिणाम स्वरूप 2014 से स्वच्छता अभियान की शुरुआत एक जन आंदोलन के रूप में हुई थी। आज यह अभियान वृहद एवं व्यापक रूप ले लिया है।

# केन्द्रीय कार्यालयों ने किया राजभाषा कार्यशाला का आयोजन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** राजीव गांधी राष्ट्रीय भूमिजल प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, रायपुर के तत्वाधान में संयुक्त हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में 07 केन्द्रीय कार्यालय शामिल थे। नेहरू युवा केन्द्र संगठन, राजीव गांधी राष्ट्रीय भूमिजल प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान, नागरीय विमानन एवं सुरक्षा ब्यूरो, अंतर राज्य पुलिस बेतार केंद्र, एमएसटीसी, एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, केन्द्रीय जल आयोग, के 40 से अधिक राजपत्रित अधिकारियों ने भाग किया।

कार्यशाला की अध्यक्षता ने करते हुए राजीव गांधी राष्ट्रीय भूमिजल प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान के कार्यालय प्रमुख, श्री एस. सुब्रमणियम ने कहा कि हिन्दी भाषा देश की प्रगति को दर्शाती है। अनुभव साझा करते हुए उन्होंने बताया की हिन्दी प्रवीणता पदोन्नति के लिए भी सहायक होती है। हिन्दी राजभाषा की गंभीरता को समझते हुए सभी को राजभाषा अधिनियम का अनुसरण करना चाहिए।

कार्यशाला के प्रथम वक्ता के रूप में श्री निकेश पाण्डेय, सचिव, नराकास, रायपुर एवं राजभाषा अधिकारी, मण्डल कार्यालय, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने बताया की संविधान के अनुच्छेद 343 से 351 हिन्दी राजभाषा से संबंधित उल्लेख किया गया है। उन्होंने आगे बताया की हिन्दी राजभाषा को सशक्त करने के लिए 1963 में अधिनियम आया जिसका पालन प्रत्येक केन्द्रीय शासित कार्यालय को करना अनिवार्य है। कार्यशाला के दूसरे वक्ता श्री गोपाल प्रसाद, सहायक निदेशक, राजीव गांधी राष्ट्रीय भूमिजल प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान ने विभिन्न कार्यालीन रिपोर्ट लेखन और हिन्दी में टिप्पणी/आलेखन के बारे में चर्चा की। उन्होंने प्रशासनिक भाषा व शब्दावली पर विशेष बल दिया। उन्होंने आगे बताया? कि छत्तीसगढ़ राज्य 'क' क्षेत्र मे आता है जिस वजह से राजभाषा हिंदी के प्रचार प्रसार व प्रशासनिक भाषा में कार्यालीन क्षमता संवर्धन करने के लिए इस तरह की कार्यशाला बहुत महत्वपूर्ण है।

नेहरू युवा केंद्र, रायपुर के जिला युवा अधिकारी, श्री अर्पित तिवारी ने द्वारा गृह मंत्रालय, भारत सरकार का अनुवाद टूल कंठस्थ 2.0 के संबंध में जानकारी दी गई। उन्?होंने बताया कि ट्रांसलेशन मेमोरी पर आधारित यह सिस्टम भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन राजभाषा विभाग के लिए विकसित किया गया है। इस सिस्टम के माध्यम से अंग्रेजी से हिंदी तथा हिंदी से अंग्रेजी में अनुवाद संभव है। श्री तिवारी कहा कि सभी कार्यालय एक दूसरे से जुड़े रहते है व अधिकारी अलग-अलग प्रांत से आते हैं तो ऐसी कार्यशाला से एक ही स्थान पर विभिन्न कार्यालय के समावेश से कार्यों में सहयोग, समन्वय व् एकजुटता स्थापित होती है।

# रेलवे यात्रियों के बेहतर यात्रा अनुभव के लिए रेलवे ट्रैक का आधुनिक एवं उन्नत मशीनों से किया जा रहा है रख-रखाव

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 75 ट्रैक मशीन, रेल लाइनों के अनुरक्षण के लिए हैं तैनात**

- **दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में पिछले 6 महीनों में ट्रैक मशीनों द्वारा 104 किलोमीटर ट्रैक रिन्यूअल, 133 किलोमीटर ट्रैक में गिट्टी की छनाई, 96 टर्नआउट का रिन्यूअल तथा 3600 किलोमीटर से अधिक प्लेन ट्रैक टैंपिंग का कार्य किया गया**



**बिलासपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय रेलवे के एक महत्वपूर्ण अंग के रूप में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे लगभग 5465 ट्रैक किलोमीटर रेल लाइन के साथ प्रतिदिन औसत लगभग 400 से भी अधिक ट्रेनों का परिचालन करती है। इतनी बड़ी संख्या में रेल लाइनों पर गाड़ियों के परिचालन से निश्चित ही रेल लाइनों का समयानूसार आवश्यक मेंटेनेंस कार्य की आवश्यकता होती है। अगर रेल लाइनों की बात की जाए तो यह मात्र लोहे के दो पटरियों को समतल जगह पर गिट्टी के ऊपर बिछाकर रेल चलाने जितनी सरल नहीं है। रेल परिचालन जितना महत्वपूर्ण है उतना ही जरूरी रेल पटरियों का मेंटेनेंस भी है। संरक्षा की दृष्टि से तो यह और भी अतिआवश्यक है।

रेल लाइनों के मेंटेनेंस में मुख्य रूप से रेल लाइनों की लाइनिंग, लेवलिंग एवं अलाइनमेंट बहुत ही महत्वपूर्ण है इसके साथ ही साथ रेल लाइनों के नीचे बिछा हुआ गिट्टी या बैलास्ट, जो कि लाइनों के लिए कुशन का कार्य करती है तथा रेल लाइनों के ऊपर पड़ने वाली गाड़ियों के भार को सही मात्रा में बाँटकर रेल यात्रियों के आरामदायक यात्रा को सुनिश्चित करने में मदद करती है। रेल यात्रियों के संरक्षित सफर को सुनिश्चित करने में रेल लाइनों के मेंटेनेंस कार्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। नए जरूरतों को देखते हुए रेलवे द्वारा अत्यधिक आधुनिक मशीन का प्रयोग किया जा रहा है। इन अत्याधुनिक मशीन के द्वारा रेल ट्रैक के रखरखाव से संबंधित अनेक प्रकार के कार्य सुगमता से सरलता से किए जाते हैं। मशीन के द्वारा कार्य में लागत अत्यधिक कम आती है, और साथ-साथ में रेल ट्रैक की भारी संरचना के कार्य को भी सरल एवं सुरक्षित तरीके से कर देती है जिससे ट्रैक कर्मियों की सुरक्षा भी बनी रहती है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में तीसरी लाइन, चौथी लाइन एवं नई लाइन के निर्माण कार्य तथा कार्यरत लाइन के अनुरक्षण एवं मरम्मत के लिए मशीनों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण हो गई है। इसके के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेल में मैनपावर के साथ, उच्च तकनीक के मशीनों का भी इस्तेमाल करके आधुनिक ट्रैक मेंटेनेंस किया जा रहा है। नागपुर से झारसुगुड़ा मेन लाइन की गति 130 किलोमीटर प्रति घंटे की जा चुकी है। ऐसे में इन सेक्शनों की गति की गति में वृद्धि के साथ ही इस तरह की मशीनों की आवश्यकता तथा महत्ता और अधिक बढ़ गई है।

इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत रेल लाइनों का ट्रैक मशीनों के द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 के अप्रैल'2024 से सितंबर' 2024 के दौरान 06 महीनों में 104 किलोमीटर ट्रैक रिन्यूअल, जो कि पिछले वर्ष की इसी अवधि के 49 किलोमीटर की तुलना में 112 प्रतिशत अधिक है, 133 किलोमीटर ट्रैक में गिट्टी की छनाई, जो कि पिछले वर्ष की इसी अवधि के 59 किलोमीटर की तुलना में 125 प्रतिशत अधिक है, 96 टर्नआउट का रिन्यूअल, जो कि पिछले वर्ष की इसी अवधि के 44 टर्नआउट रिन्यूअल की तुलना में 118 प्रतिशत अधिक है, तथा 3642 किलोमीटर प्लेन ट्रैक की टैंपिंग, जो कि पिछले वर्ष की इसी अवधि के 2610 किलोमीटर की तुलना में 40 प्रतिशत अधिक है, का कार्य किया गया है। रेल लाइनों के मेंटेनेंस से संबंधित ये सारी उपलब्धियां गाड़ियों के परिचालन के साथ-साथ बेहतर प्लानिंग एवं सामंजस्य के साथ हासिल की गई है।

ट्रैक मेंटेनेंस के दौरान दिन हो या रात, सर्दी हो या बरसात 24 घंटे रेल कर्मचारी एक-एक मिनट के समय का सदुपयोग करते हुए संरक्षित रेल परिचालन के लिए कार्य करता है। इसके साथ ही साथ इन्ही दौरान रेलवे लाइनों पर ट्रैको के रिनिवल एवं मेंटेनेंस करनेवाली मशीनों से भी कार्य लिया जाता है। वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अपने 75 ट्रैक मशीनों के साथ ट्रैक रखरखाव एवं अनुरक्षण के कार्य में मुस्तैदी के साथ कार्यरत है। ट्रैक मशीनों मे मुख्यत: सीएसएम, ड्योमैटिक, एमपीटी, यूनिमेट, बीसीएम, एफ़आरएम, बीआरएम, पीक्यूआरएस, टी28, आदि शामिल हैं। इस वित्तीय वर्ष दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में अलग-अलग तरह के 11 और मशीन भी शामिल होने वाले है। इन मशीनों के संचालन के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ट्रैक मशीन विभाग में लगभग 700 से अधिक कर्मचारी कार्यरत है। हमारे लाखो करोड़ों रेल यात्रियों के विश्वास और भरोसे पर खरा उतरने के लिए जरूरी है कि हमारे यात्रियों के ट्रेनों पर चढ़ने से लेकर उनके गंतव्य पहुँचने तक भारतीय रेलवे की विश्वसनीय एवं भरोसे की मुस्कान हमारे रेल यात्रियों के चेहरे पर लगातार बनी रहे।

## मुख्यमंत्री साय ने नारायण साव के निधन पर गहरा दु:ख प्रकट किया

**रायपुर (विसं)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव के चाचा श्री नारायण साव के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने श्री साव के शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है। उन्होंने ईश्वर से श्री साव के परिवारजनों को दु:ख की इस घड़ी में संबल प्रदान करने और दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की है।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354